

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 28 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-239 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## दुनिया के शक्तिशाली देशों की सूची में तीसरे स्थान पर भारत

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित लोवी इंस्टीट्यूट ने अपनी वार्षिक एशिया पावर इंडेक्स 2025 जारी कर दी है, जो एशिया के 27 देशों में सैन्य, आर्थिक, कूटनीतिक और सांस्कृतिक प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट में क्षेत्रीय शक्ति में बड़े बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें चीन एशिया की प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। भारत लगातार ऊपर उठ रहा है और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रभाव में पिछले वर्षों की तुलना में गिरावट आई है। रिपोर्ट आठ क्षेत्रों (सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक ताकत, कूटनीतिक प्रभाव, सांस्कृतिक पहुंच, लचीलापन और भविष्य के संसाधन क्षमता) के आधार पर रैंक करती है। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान शीर्ष 10 से बाहर है और उसे 16वां स्थान दिया गया है।

**भारत की बढ़ती शक्ति**-रिपोर्ट में एशिया में भारत के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया गया है। 2025 में भारत ने 40.0 स्कोर के साथ 'मेजर पावर' स्थिति की दहलीज को पार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का यह उदय उसकी मजबूत आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता से प्रेरित है। हालांकि भारत की सैन्य और संसाधन वृद्धि महत्वपूर्ण रही है, लेकिन इसका कूटनीतिक और आर्थिक प्रभाव अभी तक इसकी क्षमताओं में वृद्धि से पूरी तरह मेल नहीं खा पाया है जो आगे के विस्तार की अपार संभावना को दर्शाता है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन ही 'सुपर पावर' श्रेणी में सूचीबद्ध हैं। अमेरिका अभी भी शीर्ष पर है, लेकिन एशिया पावर इंडेक्स 2018 में लॉन्च होने के बाद से यह सबसे कम प्रभाव स्कोर दिखा रहा है। विश्लेषक इसका श्रेय ट्रम्प प्रशासन के दौरान की गई नीतिगत निर्णयों को देते हैं, जिन्हें एशिया में अमेरिकी प्रभाव के लिए शुद्ध नकारात्मक बताया गया है।



चीन लगातार संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अंतर को कम कर रहा है, 2020 के बाद से अंतर के मार्जिन को अपने न्यूनतम बिंदु पर ला रहा है।

**रूस की स्थिति मजबूत**-2019 के बाद पहली बार रूस ने एशिया में अपनी स्थिति मजबूत की है। यूक्रेन युद्ध के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण खोए हुए प्रभाव को फिर से हासिल कर लिया है। मॉस्को की बढ़ती क्षेत्रीय उपस्थिति को काफी हद तक चीन और उत्तर कोरिया के साथ उसकी रणनीतिक रक्षा और आर्थिक साझेदारी के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। रूस ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया से खोया हुआ अपना 5वाँ स्थान वापस पा लिया है।

जापान के प्रभाव में अन्य मध्य शक्तियों के मुकाबले वृद्धि हुई है। यह मजबूत आर्थिक, तकनीकी और कूटनीतिक पहलों को दर्शाता है, जो टोक्यो को एशिया की बदलती शक्ति गतिशीलता में एक अधिक सक्षम खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश मध्य शक्तियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### दुनिया के 10 पावरफुल देश

1. संयुक्त राज्य अमेरिका (US) 80.5 सुपर पावर
2. चीन 73.7 सुपर पावर
3. भारत 40.0 मेजर पावर
4. जापान 38.8 मिडिल पावर
5. रूस 32.1 मिडिल पावर
6. ऑस्ट्रेलिया 31.8 मिडिल पावर
7. दक्षिण कोरिया 31.5 मिडिल पावर
8. सिंगापुर 26.8 मिडिल पावर
9. इंडोनेशिया 22.5 मिडिल पावर
10. मलेशिया 20.6 मिडिल पावर

## हांगकांग के कोर्ट परिसर में आग,55 की मौत

**हांगकांग,28 नवंबर।** शहर की इतिहास की सबसे भीषण आग ने पूरे हांगकांग को दहला दिया है। वांग फुक कोर्ट परिसर में लगी इस विनाशकारी आग में अब तक 55 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 279 लोग अभी भी लापता हैं। हादसे की विभीषिका का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि 68 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इमारत के निर्माण और नवीनीकरण के दौरान सुरक्षात्मक जाल, जलरोधी कैनवास और प्लास्टिक सामग्री ऐसे इस्तेमाल की गई थी, जो अग्निरोधी मानकों पर खरी नहीं उतरती थीं। लिफ्ट लॉबी की खिड़कियों को सील करने के लिए इस्तेमाल किए गए पॉलीयूरेथेन फोम ने आग भड़काने और फैलाने में मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस ने मामले में नवीनीकरण कार्य से जुड़े एक निर्माण कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। 52 से 68 वर्ष आयु के इन अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप है, जिसकी वजह से यह भयावह जनहानि हुई।अधिकारियों ने बताया कि राहत-बचाव कार्य जारी है और लापता लोगों की तलाश युद्धस्तर पर हो रही है। यह आग हांगकांग के अब तक के सबसे बड़े हादसों में से एक बन चुकी है।



## आज जो हूं, इस सदन की देन है: मुर्मू

**भुवनेश्वर,28 नवंबर।** देश का सबसे बड़ा संवैधानिक पद संभालने के बाद पहली बार ओडिशा विधानसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए यह पुरानी यादों और इतिहास से भरी घर वापसी थी. इस पल को बहुत निजी बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सार्वजनिक जिंदगी इसी सदन की दीवारों के अंदर शुरू हुई थी, जिसका श्रेय वे अपनी राष्ट्रीय राजनीति में बढ़त को भी देती हैं.दिल से दिए गए अपने भाषण में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विधानसभा ने उनके पूरे सफर में अहम भूमिका निभाई है. "आज मैं जो कुछ भी हूँ, उसका श्रेय इस सदन को जाता है. मैंने पहले भी कई राज्य विधानसभाओं को संबोधित किया है, लेकिन ओडिशा विधानसभा में बोलना अनोखा है." उन्होंने कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ के आशीर्वाद ने हमेशा उन्हें रास्ता दिखाया है.

एमएलए और फिर मंत्री के तौर पर अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए



उन्होंने बताया कि किस तरह वे सवाल उठाती थीं और ट्रेजरी बेंच से जवाब मिलते थे. गैलरी में कई पुराने साथियों को देखकर उन्होंने कहा कि उनकी मौजूदगी ने इस मौके को और खास बना दिया. राष्ट्रपति ने ओडिशा की समृद्ध विरासत पर भी जोर दिया इसके समुद्री इतिहास, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष और मधुसूदन दास, हरेकृष्ण महताब और बीजू पटनायक जैसे नेताओं के योगदान को याद किया. उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि कानून बनाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और अब विधानसभा का नेतृत्व एक महिला स्पीकर कर रही हैं. उन्होंने कहा कि ओडिशा प्राकृतिक संपदा और अपार संभावनाओं से भरा है. इसलिए उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि 2036 तक राज्य को एक अग्रणी क्षेत्र में बदलने के लिए समर्पित होकर काम करें. उन्होंने कहा, "लोगों ने आपको कई सपनों के साथ यहां भेजा है. उनके चेहरों पर मुस्कान लाना आपका फर्ज है." राष्ट्रपति मुर्मू ने पार्लियामेंट्री गरिमा बनाए रखने की सलाह देते हुए अपना भाषण खत्म किया और कहा कि तुरंत डिजिटल एक्सेस के इस दौर में सदन की कार्यवाही दुनिया भर के नागरिकों तक पहुंचती है.

## एसआईआर: चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती: सुको

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण या स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ लगी याचिकाओं पर 27 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। देश के शीर्ष न्यायालय ने विपक्ष को तगड़ा झटका देते हुए कहा कि एसआईआर कराने के लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आई तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। कोर्ट अब 2 दिसंबर को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

चीफ जस्टिस सूर्याकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि एसआईआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में दम नहीं है। वहीं सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एसआईआर में लागू किए जा रहे नियम विदेशी (नागरिक) अधिनियम के नियमों जैसे ही हैं, जहां नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी व्यक्ति की होती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता के जन्म का प्रमाण कहां से लाऊं? उन्होंने कहा कि इसके लिए वोटर को अपना बर्थ सर्टिफिकेट या कोई ऐसा दस्तावेज देना होगा, जो साबित करता हो कि उसके माता-पिता में से कोई एक भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी वोटर के पिता ने 2003 के चुनाव में वोट नहीं डाला और उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो गई तो कैसे नागरिकता साबित होगी। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस पर कहा, 'लेकिन अगर आपके पिता का नाम सूची में नहीं है और आपने भी इस पर काम नहीं कियाङ्क तो शायद आप चूक गएङ्क' कोर्ट अब 2 दिसंबर को इस मामले पर सुनवाई करेगा।मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने याचिकाकर्ता मनोज झा की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLO) की शक्तियों के दायरे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, 'क्या बीएलओ यह तय कर सकता है कि कोई व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त है या नहीं और क्या वह तय कर सकता है कि कोई वोटर भारतीय नागरिक है या नहीं? मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी।

## 'ब्राह्मण की बेटी' चाहने वाले आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में आए कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली,28नवंबर।** आरक्षण को लेकर 'ब्राह्मण की बेटी अपने बेटे के लिए दान या संबंध' चाहने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विवादित बयान को कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सही ठहराया है। कांग्रेस के दलित नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने वर्मा को दिए गए नोटिस पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस को इनका साथ देना चाहिए जो कहती है कि सब हिंदू हैं। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद इसके पहले अधिवेशन में संतोष वर्मा ने मंच से विवादित टिप्पणी की थी। इसको लेकर मध्य प्रदेश के साथ ही देशभर में ब्राह्मण समाज की ओर से नाराजगी जाहिर की जा रही थी। वर्मा के खिलाफ राज्यभर में बढ़ते विरोध को देखते हुए मध्यप्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें देर शाम कारण बताओ नोटिस जारी किया और पूछा कि क्यों न उनकी टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। नोटिस के मुताबिक उन्हें 7 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है और अगर वह इसमें विफल होते हैं तो उनके खिलाफ आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस बीच कांग्रेस नेता उदित राज ने वर्मा का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने रोटी-बेटी के रिश्ते की बात कही है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'पीएम मोदी, योगी और तमाम बीजेपी नेता और आरएसएस रात- दिन वोट लेने के लिए सब हिंदू है, कहते रहते हैं। संतोष वर्मा, आईएएस ने रोटी- बेटी के रिश्ते की ही बात किया अर्थात बात तो वही है फिर मध्य प्रदेश सरकार ने कारण बताओ नोटिस क्यों दिया है? ब्राह्मण समाज क्यों विरोध कर रहा है? हिंदू राष्ट्र की मांग करने वालों को इसका जवाब देना चाहिए? इन्हें संतोष वर्मा के साथ खड़ा होना चाहिए वरना यह शब्द जुबान पर भी नहीं लाना चाहिए।'

## एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** BCCI ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। खास बात ये है कि वैभव सूर्यवंशी का इस टीम का कप्तान नहीं बनाया गया है। वे स्क्वाड में शामिल किए गए हैं। इस टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। अंडर 19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई की जूनियर क्रिकेट कमेटी ने टीम की घोषणा की है। ये टूर्नामेंट दुबई में 12 दिसंबर से खेला जाएगा। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को इस टीम की कप्तानी दी गई है। वहीं विहान मल्होत्रा को उपकप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है। टीम में वैभव सूर्यवंशी सलामी बल्लेबाज के तौर पर नजर आएंगे। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। दूसरे ग्रुप में बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान के अलावा चौथी टीम का ऐलान होना बाकी है। अंडर 19 एशिया कप के दौरान टीम इंडिया अपने सफर का आगाज 12 दिसंबर से करेगी। इसके बाद 14 दिसंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी।

## रांची में कोहली के कार चालक बने धोनी

**रांची,28 नवंबर।** रांची में धोनी और कोहली का पुनर्मिलन, भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों की पुरानी यारी की गवाही देता है। टीम इंडिया के वनडे सीरीज की तैयारी के बीच, धोनी का कोहली को डिनर कराना और फिर खुद ड्राइव कर होटल छोड़ना, उनकी अनूठी बॉन्डिंग को दर्शाता है। यह भावुक पल प्रशंसकों के लिए यादगार है। भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार से जेएससीए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की तैयारी कर रहा है, ऐसे में रांची में एक भावुक पुनर्मिलन ने सुर्खियाँ बटोरीं। विराट कोहली, ऋषभ पंत और रुतुराज गायकवाड़ उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने गुरुवार को एमएस धोनी से उनके आवास पर मुलाकात की, जिससे सोशल मीडिया पर हलचल मच गई और श्रृंखला के लिए टीम की तैयारी में एक भावनात्मक स्तर जुड़ गया। कोहली के धोनी के घर पहुँचने पर सबसे ज़ोरदार जयकारे लगे, और इसकी वाजिब वजह भी थी। दोनों ने भारतीय क्रिकेट की सबसे यादगार साझेदारियों में से एक साझा की है—धोनी के कुशल नेतृत्व में कोहली के शानदार प्रदर्शन से लेकर सभी प्रारूपों में निर्णायक क्षणों में धोनी का उन पर भरोसा। रांची में उनकी दोस्ती एक बार फिर पूरी तरह से देखने को मिली, जहाँ पूर्व कप्तान द्वारा कोहली का अभिवादन और उनका स्वागत करने की तस्वीरें तेज़ी से वायरल हुईं।

हालाँकि, प्रशंसकों को सबसे ज़्यादा खुशी इस बात से हुई कि इस समारोह के बाद धोनी खुद कोहली को अपनी कार में बिठाकर ले गए। यह क्लिप - जिसमें धोनी गाड़ी चला रहे थे और कोहली उनके बगल में बैठे, सड़कों पर उमड़े उत्साही प्रशंसकों का अभिवादन कर रहे थे - कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया पर छा गई, जिससे मैदान पर उनके संयुक्त प्रदर्शन से परिभाषित उस दौर की यादें ताज़ा हो गईं।

## बच्चे को पेड़ पर लटकाने के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**रायपुर,28नवंबर।** सूरजपुर जिले से सामने आए दर्दनाक ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। एक प्राइवेट स्कूल में एलकेजी के चार साल के मासूम को सिर्फ इसलिए पेड़ से लटका दिया गया क्योंकि वह अपना होमवर्क पूरा नहीं कर पाया था। यह घटना न केवल अमानवीय थी, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को भी उजागर करती है। यह मामला पहले 20 जनवरी 2026 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश रामेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने इसे सुनवाई के लिए ले लिया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता वाई.एस. ठाकुर ने अदालत को बताया कि दोषी शिक्षिकाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसके बाद अदालत ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वे पूरे मामले पर व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई 9 दिसंबर 2025 को होगी। यह मामला केवल एक बच्चा और एक स्कूल तक सीमित नहीं है। इसने पूरे शिक्षा तंत्र को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश: सोशल मीडिया पर यूजीसी की प्रि-स्क्रीनिंग की तैयारी करें

नई दिल्ली,28 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सोशल मीडिया पर अपलोड होने वाले यूज़र जनरेटेड कंटेंट के लिए एक प्रि-स्क्रीनिंग मैकेनिज्म का मसौदा तैयार करे। अदालत ने कहा कि कई बार ऐसा कंटेंट बेहद तेज़ी से वायरल हो जाता है और प्राधिकरणों द्वारा हटाए जाने से पहले ही समाज में अशांति और भ्रम पैदा कर देता है। ऐसे में केवल पोस्ट-फैक्टो (अपलोड होने के बाद की) कार्रवाई पर्याप्त नहीं मानी जा सकती। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ कर रही थी। पीठ ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह पूर्णतः निरंकुश अधिकार नहीं है; यह अमेरिका के फर्स्ट अमेंडमेंट की तरह 'एब्सोल्यूट राइट' नहीं माना जाता। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि यूज़र-जनरेटेड कंटेंट के मामले में मौजूदा सेल्फ-रेगुलेटरी कोड प्रभावी नहीं हैं। यदि कोई राष्ट्र-विरोधी या संवेदनशील कंटेंट अपलोड हो जाता है, तो सरकारी नोटिस और हटाने के आदेश में एक–दो दिन लग जाते हैं, और इस दौरान वह वायरल होकर समाज में तनाव पैदा कर सकता है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत किसी भी ऐसे तंत्र को मंजूरी नहीं देगी जो अभिव्यक्ति को दबाए, लेकिन एक "यथोचित निवारक व्यवस्था" ज़रूरी है। कोर्ट ने इस क्षेत्र में मौजूद कानूनी शून्यता की ओर भी संकेत दिया और कहा कि इसे भरना आवश्यक है। पीठ ने यह भी माना कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के



माध्यम से कंटेंट क्यूरेशन की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं, क्योंकि कई बार शैक्षणिक दिखने वाला कंटेंट भी अश्लील, घृणास्पद या हानिकारक तत्व समेटे हो सकता है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 'एंटी-नेशनल' शब्द के उपयोग पर आपत्ति जताई। उन्होंने दलील दी कि यह शब्द अक्सर चुनिंदा और व्यक्तिपरक तरीके से इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने पूछा, "क्या किसी क्षेत्रीय विवाद पर चर्चा करना भी राष्ट्र-विरोधी माना जाएगा?" इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर भारत के किसी हिस्से को पड़ोसी देश का बताकर वीडियो पोस्ट कर दे, तो क्या यह राष्ट्र-विरोधी नहीं होगा? भूषण ने इसका जवाब देते हुए कहा कि सिक्किम के भारत में विलय पर सवाल उठाना एक विचार या दृष्टिकोण हो सकता है, इसे राष्ट्र-विरोधी नहीं कहा जा सकता। इसी तरह चीन के दावों पर चर्चा करना भी राष्ट्र-विरोधी नहीं है। पीठ ने सुनवाई के दौरान यह भी बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक वीडियो पोस्ट किया था। जब मामला अदालत में पहुंचा, तो उसने कहा कि उसने एक घंटे के भीतर वीडियो हटा दिया था। अदालत ने इस पर टिप्पणी की कि वर्तमान दौर में एक घंटे काफी होता है सामग्री के वायरल होने के लिए। पीठ ने कहा कि मौजूदा कानून केवल अपलोड होने के बाद कार्रवाई की अनुमति देता है, जबकि आवश्यकता ऐसे निवारक तंत्र की है जो गलत सूचना, दुष्प्रचार या भड़काऊ कंटेंट को प्रसारित होने से पहले ही रोक सके। वर्तमान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जो अपलोडिंग के स्तर पर ही हस्तक्षेप कर सके। सुनवाई के दौरान ओटीटी और ब्रॉडकास्टर संगठनों ने तर्क दिया कि उनके पास पहले से ही सेल्फ-रेगुलेशन कोड मौजूद हैं और प्रि-सेंसरशिप की कोई आवश्यकता नहीं है। इस पर अदालत ने प्रश्न किया कि "यदि व्यवस्था इतनी प्रभावी है, तो हानिकारक सामग्री बार-बार सोशल मीडिया पर कैसे दिख रही है?"

## जेल में बंद इमरान खान के जिंदा होने पर बेटे को संदेह

**करांची,28 नवंबर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने दावा किया है कि उनके पिता को "मौत की कोठरी में पूर्ण अंधकार और शून्य पारदर्शिता" में रखा गया है। कासिम खान का कहना है कि पिछले कई सप्ताह से "ना कोई फ़ोन कॉल, ना कोई मुलाक़ात, ना ही कोई सबूत कि वो ज़िंदा हैं। मेरे और मेरे भाई का उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है।" कासिम खान का आरोप है कि 845 दिनों से हिरासत में चल रहे इमरान खान को पिछले छह हफ्तों से अकेले पृथक-कोठरी में बंद किया गया है।

## संक्षेप

### बिलासपुर मेमू ट्रेन हादसा: 23 दिन बाद चश्मदीद महिला का गोपनीय बयान दर्ज

**बिलासपुर,28 नवंबर।** लालखदान रेलवे स्टेशन के पास 4 नवंबर को हुए भीषण मेमू ट्रेन हादसे की जांच में गुरुवार को बड़ा ट्विस्ट आया. कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने अचानक बिलासपुर पहुंचकर रेलवे अस्पताल में हादसे की इकलौती चश्मदीद गवाह, असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज का बयान दर्ज किया. यह बयान पूरी तरह गोपनीय तरीके से बंद कमरे में लिया गया, इस दौरान मीडिया को अस्पताल परिसर तक में प्रवेश नहीं दिया गया. रेलवे सूत्रों के मुताबिक रश्मि राज के बयान में सिग्नलिंग सिस्टम की गंभीर खामियां और ऑपरेशनल लापरवाही के कई अहम सुराग मिले है लेकिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अभी तक इन्हें सार्वजनिक नहीं कर रहा है. हादसे के तुरंत बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के अधिकारी लगातार ये दावा कर रहे हैं कि रश्मि राज की हालत गंभीर होने के कारण उनका बयान नहीं लिया जा सका है. 23 दिन तक सिर्फ औपचारिक पूछताछ होती रही

### एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी धमाका

**सुकमा,28 नवंबर।** फूलबगड़ी थाना क्षेत्र के गोगुंडा इलाके में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी पर पैर पड़ते ही महिला आरक्षक घायल हो गई. टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी. विस्फोट में आरक्षक दूर जा गिरी और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं. मौके पर सीआरपीएफ मेडिकल टीम ने इलाज कर उन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा. इलाके में अभी भी कई आईईडी प्लांट होने की आशंका जताई गई है. सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है.

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**मानपुर,28 नवंबर।** नेशनल हाईवे-930 एक बार फिर भीषण सड़क हादसे का गवाह बना। बीती रात दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में घायल तीन में से दो ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था, वहीं तीसरी गंभीर रूप से घायल युवती को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया, जहां देर रात उसने भी अंतिम सांस ले ली। मृतकों में सरवन टोप्पा (42) निवासी खेड़ेगांव, दिपेश यादव (25) निवासी रायसिंग शालहे, मोहला और प्रियंका मंडावी (24) निवासी मिचगांव, थाना खडगांव शामिल हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर वही मलबे से भरी बोरी मिली, जिस पर रेडियम टेप और लोहे की छोटी पाइप लगाकर सुधार का दिखावा किया गया था। तीन दिन पहले भी हाइवे पर दो लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन किया था। सुधार के नाम पर किए गए इस अस्थायी इंतजाम पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों की आशंका है कि कहीं इस बोरी से टकराकर ही मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित तो नहीं हुए।

### 4 दिसंबर को भारत आयेंगे पुतिन

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4-5 दिसंबर 2025 को भारत की राजकीय यात्रा करेंगे। इस दौरान वह 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही दोनों नेता 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत करने की रूपरेखा तय करेंगे तथा क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन करेंगी।

हम आपको बता दें कि रक्षा सहयोग इस शिखर वार्ता का मुख्य केंद्र रहने वाला है।

## एक नजर

### कार स्टंट कर रहे पांच गिरफ्तार



**भिलाई,28 नवंबर (तछसं.)।** भिलाई तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामले में वीडियो वायरल होने के बाद नेवई पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है नेवई थाने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 281.184.66.192.179 एम व्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है नेवई ने बताया कि उतई व नेवई मेन रोड में ओव्हरब्रिज के पास कार के चालक एवं कार में मौजूद अन्य 4 लोगों के द्वारा तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक कार चलाकर स्टंट करने संबंधी वीडियों वायरल होने पर थाना नेवई में पदस्थ पेट्रोलिंग आरक्षक अरुण मिश्रा की रिपोर्ट पर कार चालक के विरुद्ध धारा 281.184.66192.179 एम व्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी कार चालक मेरज शाह 23 वर्ष निवासी ग्राम उमरपोटी थाना उतई जिला दुर्ग से कार प्रकरण में जब्त कर गिरफ्तार किया वहीं पुलिस ने आरोपी कार में मौजूद स्टंट करने वाले रहमान साव 22 साल निवासी उल्लासनगर कोहका थाना सुपेला अदनान खान 23 साल चंदन शाह 24 साल निवासी स्टेशन मरोदा एचएससीएल ाॅकालोनी व हुसैन शाह 21 साल निवासी जुनवानी थाना स्मृतिनगर को भी पकड़ा है ।

### श्मशान घाट में जुआ खेलते 7 पकड़ाए

**भिलाई,28 नवंबर(तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के अरसनारा शमशान घाट के पास बिजली की रोशनी के नीचे जुए के बड़े फड में नंदिनी पुलिस ने दबिश देकर 7 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1 लाख 73 हजार रुपए जुआ पकड़ा है। वहीं जुआ का संचालन करने वाले तीन लोग पुलिस को देखकर भाग गए पकड़े गए लोग नंदिनी, दुर्ग व रायपुर के रहने वाले हैं नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम-अरसनारा श्मशान घाट के पास बिजली की रोशनी के नीचे में कुछ लोग ताश पत्ती से रुपए पैसों का हार जीत की दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां जुआरी रोशन साहू, बल्लू उर्फ देवेश साहू, राकेश साहू (सभी जुआ फड संचालक) पुलिस को देखकर मौके से भाग गए। पकड़े गए आरोपी शेष नारायण (26 साल ) निवासी जुनवानी, बंशी लाल (59 साल) निवासी बजरंग नगर कंडरा पारा दुर्ग, प्रदीप कुमार मैत्रे (19 साल) निवासी ग्राम अरसनारा थाना नंदिनी नगर, प्रवीण लांजेवार (28 साल) निवासी उरला, धर्मेन्द्र चौधरी (33 साल ) निवासी न्यू गोंदवारा लिंग सेज कोल्ड स्टोरेज के बाजू में रायपुर थाना खमतराई, विरेन्द्र कुमार ठाकुर (37 साल ) निवासी वार्ड क्रमांक 58 उरला थाना मोहन नगर, मनीष कुमार साहू (43 साल) निवासी ग्राम धनोरा थाना पद्मनाभपुर को पकड़ा आरोपियों से 1 लाख 73 हजार रुपए, मोबाइल, नगद व बाइक भी जब्त की है।

### एटीएम कार्ड बदल कर 60 हजार निकाले

**भिलाई,28 नवंबर (तछसं.)।** जिले में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरोह फिर से सक्रिय हो गया है। एक महिला का एटीएम बदलकर दो बदमाशों ने चार बार में करीब 60 हजार रुपए निकाल लिए रिपोर्ट पर वैशाली धारा 303 (2) नगर पुलिस मामले में बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है वहीं पुलिस ने ठगों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरु कर दिया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सुधा देवी (48 साल) निवासी गुरूनानक नगर सड़क 4 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एटीएम कार्ड को लेकर एटीएम पैसे निकालने गई थी जब एटीएम अंदर पैसे निकाल रही थी उसी समय दो लड़के एटीएम के अंदर आए और प्रार्थिया को कहा कि आपने कुछ गलत बटन दबा दिया है। दोबारा प्रार्थिया को एटीएम कार्ड मशीन में डालकर पासवर्ड डालने बोले और प्रार्थिया के एटीएम कार्ड को एक लडका निकाला । प्रार्थिया के एटीएम कार्ड को चोरी कर दूसरा एटीएम कार्ड प्रार्थिया के हाथ में दे दिया, प्रार्थिया वह एटीएम कार्ड लेकर चली गई। थोड़ी देर बाद प्रार्थिया को फोन पर ट्रांसजेक्शन का मैसेज आया तब प्रार्थिया ने एटीएम कार्ड को चेक किया तो दूसरा एसबीआई एटीएम कार्ड था। प्रार्थिया को पता चला कि चार बार ट्राजेक्शन में कुल 60 हजार रुपए निकाला गया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

### सून मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई,28 नवंबर (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है रिपोर्ट पर कुम्हारी थाने पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि अतुल कुमार निवासी रिसाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके चाचा चन्द्रप्रकाश प्रोजेक्ट मैनेजर चन्द्रा निर्माण कंपनी प्रायवेट लिमिटेड में हैं शंकर नगर कुम्हारी वार्ड क्रमांक 10 में मकान मालिक रतन कुम्भकार के मकान में किराये पर रहते हैं बिलासपुर अपने काम पर गये थे मकान मालिक ने प्रार्थी के चाचा चन्द्रप्रकाश को फोनकर बताया कि उसके मकान का दरवाजा का कुंडा टूटा हुआ है अज्ञात चोर सोने का चेन 2 नग, सोने की अंगूठी 4 नग, सोने की चुड़ी 4 नग, सोने की बाली 2 जोड़ी, चांदी का पेन एक नग, चांदी का पायल 2 जोड़ी, चांदी की बिछिया 6 नग अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पता चला कि अज्ञात चोर ने 22 नवंबर की रात 1 से 3 बजे के बीच चोरी की है ।

### अपराध पर पूरी तरह लगाम मेरी प्राथमिकता:साव

**कवर्धा,28 नवंबर (तछसं.)।** पोड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव चौकी



प्रभारी ने प्राथमिकता के सवाल पर उन्होंने कहा की कानून व्यवस्था बेहतर के साथ साथ अपराध को खत्म करना प्राथमिकता है । नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए सभी लोगो से विनम्र अपील की नशा से दूर रहे । पोड़ी पुलिस चौकी में बेहतर स्वच्छता भी देखी गई ।

## विधायक के हाथों बोरई के 44 छात्राओं को मिली सरस्वती निःशुल्क योजना अन्तर्गत साइकिल

# शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं मिलती बल्कि सही सोच व सही दिशा भी मिलती है : ललित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 28 नवंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोरई में छात्र-छात्राओं को सायकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर कक्षा 9वीं में पढ़ाई करने छात्रों को सायकल प्रदाय की गई। कार्यक्रम के उपरांत संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से संविधान का वाचन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों और संविधान की गरिमा के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ किया गया।



इन छात्राओं को मिला सायकल निकिता ठाकुर रितिका लुसिका ठाकुर मालती यादव मेधा यादव निशा साहू ओमेश्वर प्रांजलि सिन्हा राधिका धीवर राजेश्वरी पटेल रोशनी तारणि यादव तेजस्वी देशमुख उषा यादव उर्मिला यादव योगिता धीवर नेहा साहू रूपाली देशुमख सोनम साहू वामनी साहूआंजलि यादव भारती साहू भावना साहू भोज कुमारी चाहत सिन्हा चांदनी साहू चेतना यादव चित्रा चुनाक्षी साहू देविका यादव धारणी देशमुख डिंपल, हिमांशी साहू होमेश्वरी साहू झकल यादव केशर साहू कृतिका खुशबू यादव लुकेश्वरी जितेश्वरी चांदनी साहू लीला साहू अपने संबोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं देती बल्कि सही सोच व सही दिशा भी देती है शिक्षा माध्यम से आप जीवन में अपने हर मुकाम को हासिल कर सकते हो । आज आप लोगो की पढ़ाई में सुविधा के लिए हमारी सरकार छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कक्षा 09 वीं में प्रवेश लेने वाली उन सभी छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है, जो अनुसूचित जाति एवं जन जाति वर्ग की बालिकाएं होती है। इसके साथ साथ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छात्राओं को भी इस योजना के तहत् निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है । इस योजना का उद्देश्य है कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु समिपस्थ हाई स्कूल आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो । आगे चंद्राकर ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था आज सभी जगह चरितार्थ हो रही है सभी जगह बेटियां अपने परचम लहरा रही है हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही है हमारी सरकार आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है गरीब बेटियों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए अब 30000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही हैसाथ ही छात्राओं से आग्रह किया कि अपने स्कूल परिसर को हराभरा रखो और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण करने प्रोत्साहित किया।चंद्राकर ने आगे अभी मतदाता सूची का सर्वेक्षण चल रहा है बीएलओ आपके घर पहुंच फार्म वितरण कर रहे हैं उसको सही डाटा प्रदान करना है जिस मतदाता की मृत्यु हो गया है उसका कटवाना है जो बाहर में रहता है उसक दो जगह मतदाता सूची में नाम ऐसे नाम को एक जगह से कटवाना है 18 साल होने वाले या हो गया है उसका नाम जुड़वाना है सभी को सही डाटा प्रदान करना है जिससे एक व्यक्ति एक ही जगह से मतदान कर सके । और निर्वाचन कार्यालय में सही डाटा रहे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से उपस्थित ग्राम सरपंच ओमेश्वर राजू यादव, पूर्व जनपद सदस्य शिवकुमारी वैष्णव, भाना बाई ठाकुर एवं प्रीतपाल ठाकुर,शाला विकास समिति सदस्य उत्तम साहू, विधायक प्रतिनिधि शिव निर्मलकर,मोहन ठाकुर, कुबेर राउत, रामकली साहू,संतोष साहू, रविशंकर साहू, जितेंद्र गुप्ता, त्रिलोक साहू,प्राचार्य जया चंद्राकर,व्याख्याता सुनीता पंडित, शीला साहू, पिंकी सिंह, अनीता केशवानी,अनीता पटेल, रजनी शितोले, मधुलता दिल्लीवार, प्रधान पाठक दिनेश ताम्रकार, तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएँ।

### 25 वर्षों में दुर्ग जिले में कृषि विभाग ने की अभूतपूर्व प्रगति

**दुर्ग, 28 नवम्बर ।** दुर्ग जिले के कृषि विभाग ने विगत पच्चीस वर्षों में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है, जिससे किसानों का जीवन स्तर और जिले की कृषि अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। वर्ष 2025 में, विभाग ने खरीफ और रबी फसलों के क्षेत्राच्छादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। खरीफ फसल का क्षेत्राच्छादन 146276 हेक्टेयर तक पहुँच गया है, जो विगत 25 वर्षों की तुलना में 4 प्रतिशत (5046 हे.) अधिक है, जबकि रबी फसल का क्षेत्राच्छादन 53660 हेक्टेयर रहा, जिसमें 8 प्रतिशत (3700 हे.) की वृद्धि हुई है। उत्पादन के मोर्चे पर भी जिले का शानदार प्रदर्शन रहा। खरीफ फसल उत्पादन 720 हजार मीट्रिक टन (53 प्रतिशत अधिक) और रबी उत्पादन 84 हजार मीट्रिक टन (43 प्रतिशत अधिक) दर्ज की गयी। यह असाधारण उपलब्धि मुख्य रूप से उत्पादकता में सुधार के कारण संभव हुई है।

संदेश



### पोड़ी पुलिस चौकी में नशा मुक्त का संदेश दिया गया

**कवर्धा।** पोड़ी पुलिस चौकी में पुलिस स्टाफ ने चौकी प्रभारी लक्ष्मीनारायण साव के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पुलिस स्टाफ ने नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया । सभी लोगो से विनम्र अपील की नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहे क्योंकि नशा नाश की जड़ है ।

## स्व. कमला देवी साहू की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 3 दिसंबर से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,28 नवंबर।** नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती कमला देवी साहू व सहित परिवार के पूर्वजों के स्मृति में दिनांक 03 दिसम्बर से ग्राम पाऊवारा (उतई ) में रखा गया है। इसमें कथावाचक लिमतरा आश्रम के संत निरंजन महाराज जी होंगे में भागवत कथा का विशाल आयोजन साहू परिवार की ओर से किया जा रहा है।जिसकी तैयारी चल रही है



कथा, 03 दिसंबर से 11दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। दिनांक 3 दिसंबर की सुबह 10 बजे से कलश यात्रा शाम 4 बजे से वेदी पूजन, गोकर्ण कथा की कथा सुनाई जायेगी। आयोजक साहू परिवार ने बताया कि दिनांक 4 दिसंबर को पांडव कुल वर्णन, परिक्षित जन्म श्राप सुखदेव आगमन, 5 दिसंबर को सती, पार्वती, ध्रुव चरित्र,6 दिसम्बर को भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, 7 दिसंबर को रामवतार, कृष्णवतार,8 दिसंबर को बाल लीला, माखन लूट, गोवर्धन पुजा,56 भोग, 9 दिसंबर को मथुरा लीला,रुक्मिणी विवाह, 10 दिसंबर को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, चढ़ोतरी,तुलसी वर्षा एवं शोभा यात्रा और 11दिसंबर को गीता पाठ, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्ण आहुती, कपिला तर्पण एवं देव विदाई कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू साहू परिवार द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा श्रवन करने अपील की है।

## कालेज में महिलाओं के अधिकार पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा ,28 नवंबर ।** चंदुलाल चंद्राकर शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा में दिनांक 24.11.2025 को *महिलाओं के अधिकार*पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन 12ः00 बजे ऑनलाइन मोड पर प्राचार्य डॉ.उषा किरण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन द्धन्ष्ट प्रभारी डॉ. दिव्या नेमा द्वारा किया गया मुख्य वक्ता का परिचय नेक प्रभारी श्री रूपेश वर्मा द्वारा दिया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.लाजवंती चेतानी प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विभाग महाराजा सैयाजी राव यूनिवर्सिटी बड़ौदा थी। उन्होंने अपने वक्तव्य में अनुच्छेद 14,15,16 की मुख्य बातें उदाहरण सहित प्रस्तुत की। उन्होंने 6 मौलिक अधिकारों में से समानता के अधिकार के अंतर्गत भेदभाव का निषेध,समान अवसर और आरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं को समानता के साथ-साथ महिला और पुरुष में कुछ




असमानता या अंतर भी होता है,जो महिलाओं के लिए जरूरी होता है। इस व्याख्यान द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों को महिला कानून की विषय पर ज्ञानवर्धक,जानकारी प्राप्त हुई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ.दिव्या नेमा द्वारा दिया गया। इस व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नगरपालिका में बीएलओ की ली बैठक

**कवर्धा ,28 नवंबर(तछसं.)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने नगर पालिका कार्यालय में नगर क्षेत्र के सभी बीएलओ की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी वार्डों में फॉर्म कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य 30 नवंबर तक पूर्ण किया जाएकलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह एक समयबद्ध और संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले हर मतदाता से भरे हुए फॉर्म समय पर एकत्र कर उन्हें तत्काल ऑनलाइन अपडेट करना सुनिश्चित करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सटीकता और समय पर पूरा हो सके।बैठक में कलेक्टर ने शहर के सभी वार्डों में एसआईआर फॉर्म डिजिटाइजेशन की स्थिति को वार्डवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जहां प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं है, वहां अतिरिक्त सहयोगियों की मदद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कम प्रगति वाले इलाकों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य में तेजी लाई जाए।बीएलओ को निर्देश देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि फॉर्म कलेक्शन प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए सुबह और शाम के समय घर-घर संपर्क किया जाए, क्योंकि इन समयों पर नागरिकों के घरों में उपलब्ध रहने की संभावना अधिक होती है। इससे न सिर्फ समय और श्रम की बचत होगी, बल्कि डिजिटाइजेशन कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र पैंकरा, एसडीएम कवर्धा श्री चेतन साहू, सीएमओ श्री रोहित साहू, कवर्धा शहरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ तथा संबंधित अभिविहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मनरेगा से मिला पक्का बकरी शेड



**दुर्ग, 28 नवम्बर (तछसं.)।** विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत हरदी निवासी पशुपालक श्री विष्णु प्रसाद पटेल के जीवन में मनरेगा योजना ने एक नया उजाला लेकर आया। कृषि और पशुपालन रोजगार का मुख्य साधन बनाए रखने वाले श्री पटेल के लिए बकरियों के लिए सुरक्षित आश्रय हमेशा एक बड़ी चुनौती रहा। कच्चे शेड के कारण बारिश, ठंड और बीमारियों से बकरियों को नुकसान होता था, जिससे आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 0.85 लाख रुपये की स्वीकृति से उनके लिए 4.20ग3.00 मीटर आकार का पक्का बकरी शेड स्वीकृत कर निर्माण कराया गया। इस कार्य से न केवल पटेल को 4000 रुपये की मजदूरी प्राप्त हुई, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार के अवसर मिले। पक्का बकरी शेड बनने के बाद सबसे बड़ा लाभ बकरियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य में हुआ। अब जानवर मौसम के प्रभाव से सुरक्षित हैं, जिससे बीमारी की संभावना कम हो गई है। इसका सीधा असर दुग्ध उत्पादन पर पड़ा और उत्पादन में वृद्धि हुई।

वर्तमान में श्री विष्णु प्रसाद के पास 25 बकरियां हैं, जिनसे प्रतिदिन 4-8 किलो दूध प्राप्त हो रहा है। इससे उन्हें प्रति माह 8 हजार से 10 हजार रुपये की अतिरिक्त आय होने लगी है, जो उनके परिवार की आर्थिक मजबूती का स्थायी आधार बन चुकी है। कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक मोहन कुमार एवं ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच ने बताया कि ग्राम सभा में लिए गए प्रस्ताव के आधार पर इस कार्य को प्राथमिकता दी गई और मॉडल प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण समय पर पूरा कराया गया। अपने अनुभव साझा करते हुए श्री विष्णु प्रसाद भावुक होकर कहते हैं-मनरेगा की बकरी शेड योजना ने मेरे जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। अब मेरे जानवर सुरक्षित हैं और दूध उत्पादन से मेरी आमदनी बढ़ रही है। इसके लिए मैं शासन और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूँ।

## चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य कॉलेज में संविधान दिवस उत्साह से मनाया गया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा ,28 नवंबर ।**भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ इसे तैयार करने में डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों ने अथक मेहनत की हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे विस्तृत लिखित संविधान है द्य संविधान हमें मौलिक अधिकार के साथ हमारे कर्तव्यों का स्मरण भी कराता है, और संविधान के मूल्यो, न्याय ,समानता ,स्वतंत्रता और बंधुत्व की भी जानकारी देता है। क्योंकि संविधान के बिना हम बिना आत्मा के शरीर की तरह है इसका कोई महत्व नहीं होता है संविधान हमें हमारा अस्तित्व और स्थायित्व देता है ,क्योंकि संविधान में प्रदान किए गए मौलिक अधिकार के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं हो सकता है संविधान दिवस की शुरुआत 26 नवंबर 2015 से किया गया है। जिसका उद्देश्य संविधान की लिखित बातों को उसके महत्व को समझाना और देशभक्ति की भावना उत्पन्न कराना न्याय और व्यवस्था स्थापित करना है। भारत के संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दिनांक 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा पूर्ण वातावरण में मनाया गया जिसमें प्राचार्य डॉ उषा किरण अग्रवाल द्वारा शपथ दिलाया गया, जिसमें डॉ ज्योति केरकेटट, डॉ अर्चना खेमलाल नेताम, डॉ रजनी सोनवानी डॉ,. देव श्री भोयर और प्राध्यापक गण छात्र-छात्राएं और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक बढ़ाई गई

**कवर्धा, 28 नवंबर ।** खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि में बढोत्तरी करते हुए 30 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही के लिए 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। यहीं नहीं अब समिति मॉड्यूल में किसानों की पंजीयन व रकबा संशोधन करवाने की सुविधा दी गई है। समिति लॉगिन व तहसील लॉगिन में अलग-अलग कार्यो का विकल्प दिया गया है, जिससे किसानों को पंजीयन और रकबा सुधार में आसानी हो।

## व्यापारी एकता और भिलाई की पहचान का प्रतीक बनेगा भिलाई गौरव दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,28 नवंबर।** भिलाई चेंबर ऑफ कॉमर्स ने द्वारा 19 दिसंबर को भिलाई गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह दिन हर भिलाईवासी और व्यापारी समाज के लिए गर्व का अवसर है, क्योंकि इसी दिन ही भिलाई को छत्तीसगढ़ चेम्बर में स्वतंत्र जिला का दर्जा प्राप्त हुआ था। यह आयोजन व्यापारी एकता, संघर्ष और संगठन की ताकत का प्रतीक माना जाता है।

गौरव दिवस का उद्देश्य भिलाई के व्यापार, उद्योग, संस्कृति और समाज के योगदान को सम्मान देना है। इस दिवस नई पीढ़ी को इस परंपरा से जोडने के लिए युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन, प्रशिक्षण और समाजहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में भिलाई चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में विकास जायसवाल को कार्यक्रम का संयोजक और भूपेंद्र नेमा को समन्वयक नियुक्त किया गया।अजय भसीन ने कहा कि गौरव दिवस 19 दिसंबर को हम न केवल गौरव दिवस मनाते हैं, बल्कि उस एकता और संघर्ष को भी याद करते हैं जिसकी वजह से भिलाई को जिला का दर्जा मिला। व्यापारी समाज केवल करदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की धुरी है। इस दिन हर व्यापारी अपने कर्तव्य और संगठन की शक्ति को महसूस करता है।चेंबर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र ने कहा कि भिलाई गौरव दिवस हमारे संगठन की पहचान और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि संगठित होकर ही हम व्यापारी समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इस वर्ष गौरव दिवस को और भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। चेयरमैन दिनकर बासोतिया ने कहा कि गौरव दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी का दिवस है। इस दिन चेंबर हर व्यापारी तक पहुँचेगा और उन्हें संगठन से जोडने का कार्य करेगा। यह अभियान पूरे जिले में चलाया जाएगा। संयोजक विकास जायसवाल ने कहा कि हम इस गौरव दिवस को युवाओं के लिए प्रेरणा दिवस बनाएंगे। युवाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रशिक्षित किया जाएगा, उनकी समस्याएँ सुनी जाएँगी और उनके समाधान के लिए विशेष योजनाएँ बनाई जाएँगी। हमारा उद्देश्य है कि हर युवा व्यापारी आत्मनिर्भर बने। समन्वयक भूपेंद्र नेमा ने कहा इस कार्यक्रम में व्यापारी सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुति, डिजिटल पेमेंट एवं जीएसटी जागरूकता सत्र, और सामाजिक सहयोग अभियान जैसे कई आयोजन शामिल रहेंगे।

## एक नजर

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,28 नवम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम पलारी निवासी जनकराम सेन पिता बुधारू सेन की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नि पुन्नीबाई पति स्व. जनकराम को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### आयुष शिविर में 172 मरीजों का नि:शुल्क इलाज

**बलौदाबाजार, 28 नवंबर।** आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा गुड़ी चौक डमरू में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वातरोग, चर्मरोग, अर्शरोग, उदररोग, स्त्रीरोग, ज्वर, कास, प्रतिश्याय, मधुमेह, नेत्ररोग, दंतरोग एवं अन्य रोग कुल 172 मरीजों ने भाग लिया। शिविर में एनिमिया जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच कर परामर्श देते हुए नि:शुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर में डॉ. एल.एस. ध्रुव, नेकदत्त बरतामसी, सावित्री योगी, मेघनाथ बंजारे, सुशील जायसवाल, प्रवीण पैकरा, भारत साहू, रामसिंह पैकरा, परदेशी पैकरा, बल्लू साहू, रघुवार वैष्णव, पंच माखन साह सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने पिता की पुण्यतिथि पर स्कूल में दिया न्योता भोज

बालोद, 28 नवंबर। अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक ने अपने पिता श्री जीवनलाल कौशिक की पुण्य तिथि के अवसर पर आज जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कांदुल के स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने भी जिले के आला अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांदुल में जमीन में बैठकर न्योता भोज ग्रहण किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों आदि का फूलमाला एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग तथा खिलाड़ियों को स्पोर्टस शूज प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई के संबंध में समझाईश भी दी। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बच्चों को पूरे मनोयोग तथा निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पढ़ाई-लिखाई कर जीवन में उपलब्धि हासिल कर अपने संस्थान, माता-पिता एवं परिवार का नाम रोशन करने को कहा। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख और अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्योता भोज के आयोजन के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष श्री प्रमोद जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा के अलावा जिला स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के दो बीएलओ किए गए सम्मानित

बालोद, 28 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज गुण्डरदेही विकाखण्ड में निरीक्षण के दौरान ग्राम कांदुल में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं को गणना पत्र प्रदान करने एवं गणना प्रपत्रों को डिजिटाईज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 02 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जिले के संजारी बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण कर घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर बीएलओ एप में ऑनलाइन किया जा रहा है। उक्त कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये

# कलेक्टर ने सहकारी समिति सुहेला में धान खरीदी का किया निरीक्षण

- धान का सही वजन करने व नमी पर कड़ी निगरानी के निर्देश
- जिले में अब तक 13902 किसानों से 61426मेट्रिक टन धान खरीदी



**बलौदाबाजार, 28 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को सुहेला प्रवास के दौरान ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सुहेला में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति में पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक की खरीदी एवं किसानों की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने तौल मशीन में धान का निर्धारित मात्रा में वजन एवं नमी पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसानों की सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान तौल मशीन में धान का वजन कराया और नमी मशीन में धान की नमी की भी जांच की। उन्होंने धान बेचने आये किसानों से पूछ -ताछ करते हुए केन्द्र में किसी प्रकार की असुविधा या टोकन कटाने में कोई दिक्कत आदि की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान बेचने में कोई समस्या नहीं है, प्रशासन के द्वारा इस बार अच्छी व्यवस्था की गई है। कुछ किसानों ने बताया कि धान बेचने टोकन लेने आये हैं वहीं कुछ किसानों ने समिति में कच्चे फर्श होने पर धान खराब होने से बचाने के लिये पक्का फर्श की मांग की। इस पर कलेक्टर ने आगामी दिनों में पक्का फर्श निर्माण का आश्वासन दिये।

बताया गया कि समिति अंतर्गत 1095 किसान पंजीकृत हैं। अब तक 114 किसानों से 2013 किसानों से 5057क्विंटल धान खरीदी हुई है। जिले में अब तक 13902 किसानों से 61426 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इस दौरान एसडीएम अतुल शेट्टे, तहसीलदार किशोर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले के कुल 1715 आवेदकों को दी गई विभिन्न पहलुओं की जानकारी

**बालोद, 28 नवंबर।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय बालोद के संयुक्त तत्वावधान में जिले के विभिन्न संस्थानों में अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु मागदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के जिले के कुल 1715 आवेदकों को अग्निवीर वायुसेना भर्ती के संबंध में मागदर्शन एवं विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद ने बताया कि जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय बालोद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मार्गदर्शन शिविर में जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव में 138 आवेदकों, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरेगांव में 198, शासकीय महाविद्यालय खेरथा में 663, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरथाबाजार में 95, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में 200, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ में 100, शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में 210 एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में 111 आवेदकों सहित कुल 1715 आवेदक शामिल हुए।

# कुरूद विधानसभा के लिए बड़ी सौगात
# 100 बिस्तर वाला अत्याधुनिक अस्पताल स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 28 नवंबर।** विकासखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम में 17.84 करोड़ की लागत से 100 बिस्तरों वाला नया सिविल अस्पताल बनने जा रहा है, बीते दिनों लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नवीन अस्पताल भवन (उन्नयन) के निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। लगभग 17.84 करोड़ की लागत से प्रस्तावित यह पांच मंजिला आधुनिक अस्पताल कुरूद व आसपास के ग्रामीण अंचलों की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। 100 बिस्तरों वाले इस नवीन अस्पताल भवन के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी । (पहले था 30 बिस्तरों का अस्पताल कुरूद का अस्पताल केवल 30 बिस्तरों का था जिसे बढ़ाकर 50 बिस्तरों का किया गया इस अस्पताल को 100 बिस्तरों के विशाल आधुनिक और बहुउद्देशी सिविल अस्पताल के रूप में उन्नत किया जा रहा है यहां नर्सिंग कॉलेज भी स्वीकृत है जिससे स्थानीय युवाओं के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे ) (ये सुविधाएं मिलेगी अस्पताल में आधुनिक ओपीडी डायलिसिस यूनिट ,सीटी स्कैन, उन्नत लैब, आइसोलेशन वार्ड जैसी सुविधाएं मरीजों की जीवन रक्षक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी , उन्नत सुविधाएं ओपीडी इमरजेंसी फार्मेसी ,सिटी स्कैन ,अल्ट्रासाउंड फिजियोथैरेपी ,पैथोलॉजी कैजुअल्टी वार्ड जबकि अन्य तल पर मेडिसिन सर्जरी डायलिसिस हड्डी रोग, नेत्र रोग, वार्ड ब्लड बैंक, एवं प्रशासनिक कक्ष उपलब्ध रहेंगे) कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विकास तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक अजय चंद्राकर के लगातार प्रयासों का बड़ा परिणाम सामने आया है। क्षेत्र के लिए 100 बिस्तरों वाले आधुनिक अस्पताल की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसे जनता ने ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में स्वागत किया है।



कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कुरूद क्षेत्र के नागरिकों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता रही है। 100 बिस्तर वाले इस अस्पताल की स्वीकृति से हमारे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई पहचान मिलेगी। मैं शासन एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करता हूँ। यह अस्पताल आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

**(अधिवक्ता एवं जनप्रतिनिधियों ,व्यापारी क्षेत्र के नागरिक के वक्तव्य)**



कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कुरुद क्षेत्र के नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। 100 विस्तरों वाले अस्पताल की स्वीकृति से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई पहचान मिलेगी यह अस्पताल आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, सदस्य ङ्क स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ ने कहा,कुरूद की जनता को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों को बेहतर उपचार सहजता से मिल सकेगा। यह विधायक की दूरदर्शिता और जनहित भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।



ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद जैसे छोटे से कस्बा में महानगरों की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में 100 बिस्तर अस्पताल खुलने से धमतरी ,रायपुर जाना नहीं पड़ेगा, धन एवं समय की बचत होगी।



टीकम साहू व्यापारी कुरूद ने कहा, इस अस्पताल से ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह विधायक अजय चंद्राकर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है।



कमल शर्मा सांसद प्रतिनिधि शासकीय प्राथमिक बालक शाला कुरूद ने कहा, कुरूद विधानसभा के समग्र विकास के लिए विधायक जी निरंतर सक्रिय हैं। अस्पताल की स्वीकृति उनके विकासोन्मुखी कार्यों को और मजबूती देती है।



त्रिवेणी रात्रे एम्स और 100 बिस्तर अस्पताल की उपलब्धता से क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जा सकता है। इसका प्रयास ऐतिहासिक है स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत किया तथा विधायक श्री चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया।



दुर्गेश द्विवेदी शिक्षक कुरूद जैसे छोटे से कस्बे में महानगरों की तर्ज पर स्वास्थय सुविधाओं का विस्तार होगा तथा यहां विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाओं से भी आम जनता लाभान्वित होगी।



उत्तम साहू पार्षद कुरूद 100 बिस्तर अस्पताल के खुलने से स्वास्थ्य के प्रति सरकार की विभिन्न क्ष फलीभूत होगी। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत किया तथा विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### सीईओ जिला पंचायत ने पीएम आवास योजना ग्रामीण की ली समीक्षा बैठक




**बलौदाबाजार, 28 नवम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत समीक्षा बैठक ली। बैठक में सहायक अभियंता आरईएस, उपअभियंता आरईएस, विकासखंड समन्वयक आवास एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे। सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृति उपरांत 25580 हितग्राहियो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्योत्सव के अवसर पर प्रथम क़िस्त जारी किया गया था उन सभी आवासों को एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने आवास निर्माण में प्रगति लाने सभी पंचायतों में आवास चौपाल कराने, हितग्राहियो, राजमिस्त्रियों और वेंडरो को बुलाकर सभी हितग्राहियो का उन्मुखीकरण करने एवं आवास को जल्द से जल्द प्रारम्भ कराकर समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही पूर्व वर्षो में स्वीकृति उपरांत अपूर्ण आवासों को 31 दिसंबर तक पूर्ण कराने, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने, पूर्ण आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने एवं अन्य विषयों में विस्तृत समीक्षा किया गया। जनपद पंचायत बलौदाबाजार, पलारी और कसडोल का प्रगति कम होने पर नराजगी जाहिर करते हुए तकनीकी सहायको को 1 सप्ताह भीतर पूर्ण कराने के निर्देशित किए गए। साथ ही अनुपस्थित एवं कम प्रगति वाले तकनीकी सहायको को नोटिस जारी करने के. निर्देश दिये।

### डायलीसिस यूनिट बनी किडनी के रोगियों के लिये संजीवनी



**बलौदाबाजार,28 नवंबर।** जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में स्थापित डायलीसिस यूनिट किडनी के मरीजों के लिये वरदान साबित हो रहा है। इस यूनिट से अब तक 169 मरीज लाभान्वित हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में डायलिसिस की सुविधा 15 अगस्त 2022 से प्रारंभ की गई है। डायलिलिस यूनिट में कुल 6 डायलिसिस मशीन उपलब्ध है। अब तक कुल 169 मरीज डायलिसिस सुविधा का लाभ ले चुके हैं। प्रारंभ से अभी तक लगभग 10305 डायलिसिस सेशन हो चुके है। प्रतिमाह लगभग 300 बार डायलिसिस किया जा रहा है। वर्तमान में 27एक्टीव मरीज हैं। जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ होने से मरीजों को बाहर जाना नही पडता है। जिले में ही उपचार उपलब्ध है एवं आपातकालीन स्थिति में डायलिसिस की सुविधा मिलने से जीवन रक्षक उपचार समय पर मिल पा रहा है। साथ ही मरीजों को आर्थिक बोझ कम हो गया है।

### शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले 7 बीएलओ सम्मानित



**बलौदाबाज़ार, 28 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार एसआईआर हेतु गणना पत्रको का शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले 7 बीएलओ को अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श निशा नेताम मंडावी भी उपस्थित थीं। अपर कलेक्टर ने सभी बीएलओ को उनकी निष्ठा, समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी निर्वाचन कार्य को उसी प्रतिबद्धता व पारदर्शिता के साथ संपादित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बीएलओ निर्वाचन प्रक्रिया की नींव होते हैं, जिनकी मेहनत से मतदाता सूची का अद्यतन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होता है। ये बीएलओ हुए सम्मानित- लवन भरसेला के बलराम साहू,अमेरा, पलारी के सोनी कुर्रे,खानाकोट पलारी के कन्हैया साहू, नंदनिया, कसडोल, के केशर गोस्वामी,देवरी, भाटापाराचुम्मन, गुर्रा, भाटापारा के अनुसुइया यादव एवं परसाडीह, भाटापाराटिकेश्वरी ध्रुव शामिल हैं।

### विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 नवंबर

**बालोद, 28 नवंबर ।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य के बालिका एवं महिला खिलाड़ियो को खेलो के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखण्ड एव जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने जिले के इच्छुक व निर्धारित पात्रता रखने वाले प्रतिभागी, दल खिलाड़ी 30 नवंबर 2025 को शाम 05 बजे तक कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण जिला-बालोद, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## संयुक्त टीम ने 7 लाख 69 रुपये का 349 क्विंटल अवैध धान जब्त किया



**बलौदाबाजार,28 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल के माध्यम से धान खरीदी केंद्रों में अवैध धान खपाने की मंशा रखने वाले कारोबारियों पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को 349 क्विंटल अवैध धान मूल्य लगभग 7 लाख 69 रुपये का जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा विकासखंड के मोपका स्थित मेसर्स नारायण साहू अनाज भंडार से 349.60 क्विंटल, लगभग 7,69000 रूपए कीमती फर्म संचालक नारायण साहू से जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज की गई। साथ ही अनाज भंडार संचालक की उपस्थिति मे गोदाम को सील किया गया। इसी प्रकार एस.आर. ट्रेडिंग कंपनी में भी जांच किया गया जहां पर स्टॉक में अनियमितता नही पाई गई। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार यशवंत राज, सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप, मंडी उपनिरीक्षक प्रफुल्ल मांझी एवं श्याम लाल उपस्थित थे।

## शासकीय नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

■ स्टाफएवं विद्यार्थियों ने ली संविधान की शपथ



**डोंगरगढ़ 28 नवंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 26 नवंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई. व्ही रेवती के दिशा निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार जांबुलकर के मार्गदर्शन में संविधान दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य द्वारा संविधान दिवस की बधाई देते हुए अपने वक्तव्य में कहा गया कि संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना में वृद्धि करना है। संविधान लोकतंत्र की आत्मा है तथा यह बुनियादी नियमों का समूह है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार जांबुलकर ने कहा कि द्वारा डॉ.अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक माने जाते हैं। वे संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किये गये थे। संविधान मौलिक सिद्धांतों का समूह है तथा यह एक लिखित दस्तावेज है, जो सरकार की संरचना, शक्तियों, नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्य को निर्धारित करता है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आर. आर. कोचे, एच आर पद्मे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, गुलशन सिन्हा की सक्रिय भागीदारी रहीं। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशिन अंजुम, डॉ. सपना परिहार, डॉ. हजारे अनिमा मिंज, नीलम सिन्हा, मनीषा भेड़िया, एवलाल मेश्राम, झरना साहू, मीनाक्षी साहू, मंजू धनकर के साथ-साथ महाविद्यालय के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनने लोगों की भीड़ उमड़ रही

# देव दुर्लभ भागवत कथा मात्र मनुष्यों को प्राप्त है: कृष्णेन्द्र जी महाराज



**तिल्दा नेवरा 28 नवंबर।** जिनके ऊपर भगवान की असीम कृपा होती है, वही व्यक्ति श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त करता है। श्रीमद्भागवत कथा का सुनना तो स्वयं देवराज इंद्र को भी नसीब नहीं हुआ था – इतनी दुर्लभ और पवित्र है यह कथा। जो व्यक्ति श्रद्धा, प्रेम और भक्ति भाव से कथा श्रवण करता है, उसके जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं ।

भक्ति ऐसी होनी चाहिए जैसी मीराबाई की थी – अडिग, निष्कपट और पूर्ण समर्पण से भरी हुई। मीराबाई ने अपने जीवन में भक्ति का वह आदर्श स्थापित किया, जो आज भी हर भक्त के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने संसार की किसी भी बात की परवाह नहीं की, क्योंकि उनके लिए तो केवल एक ही सत्य था – श्रीकृष्ण प्रेम। जब संपूर्ण जगत उन्हें रोकने लगा, जब परिवार और समाज ने उनके मार्ग में बाधाएँ डालीं, तब भी मीराबाई का विश्वास कभी नहीं डगमगाया। भगवान हर पल हमारे साथ हैं – वे हमारे दुःख-सुख के साक्षी हैं। जब हम किसी कठिनाई में होते हैं, तब भी भगवान हमारी चिंता करते हैं, हमारे जीवन को सही दिशा देने का प्रयास करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि इस जगत में जो कुछ भी है, वह सब मैंने बनाया है। पर्वत, नदियाँ, वृक्ष, पशु, पक्षी, सब मेरे ही अंश हैं। लेकिन इन सबमें मुझे सबसे अधिक प्रिय मानव है, क्योंकि उसी में भक्ति करने की शक्ति है, प्रेम करने की क्षमता है, और आत्मज्ञान प्राप्त करने की बुद्धि है।

मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण उसका अभिमान है। जब व्यक्ति अपने ज्ञान, धन, पद या रूप का घमंड करता है, तो वही अभिमान उसे धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाता है। इतिहास साक्षी है कि जिन्होंने अभिमान किया, वे भगवान की कृपा से वंचित रह गए। जिस घर में सुयोग्य और संस्कारवान संतान होती है, वह घर वास्तव में स्वर्ग के समान होता है। ऐसी संतान माता-पिता के पुण्य का फल होती है। केवल विद्या प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन में संस्कारों का होना आवश्यक है, क्योंकि संस्कार ही वह आधार हैं जिन पर समाज और धर्म की नींव टिकी है।

## वादे पे करके एतबार परेशान है बंदा सीधा सादा

संपादकीय

छत्तीसगढ़ के बाद कर्नाटक में जो हो रहा है, उसे देखते हुए तो कहा जा सकता है कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है। जो घटना एक बार घट जाती है,आमतौर पर जल्दी तो दूसरी बार घटित नहीं होती है लेकिन राजनीति में कोई नेता बार बार वही गलती करता है तो वैसी ही घटना दो बार क्या कई बार हो सकती है। जो नेता एक घटना से सबक लेता है, वह वैसी ही गलती दूसरी बार नहीं करता है। कांग्रेस में तो आलाकमान आलाकमान होता है, उससे कौन कह सकता है कि एक बार आप ऐसी गलती कर चुके हो, दूसरी बार ऐसी गलती मत करो। कांग्रेस में तो माना ही यही जाता है कि आलाकमान कभी गलती नही करता है, वह जो कुछ करता है, सही करता है, एक बार करे या दोबार करे या तीन बार करे,वह हर बार सही करता है। कांग्रेस चुनाव न जीते तो कोई समस्या नहीं होती है, जैसा चल रहा है, वैसा चलता रहता है।कांग्रेस जहां चुनाव जीत जाती है, उस राज्य में समस्या पैदा हो जाती है। कांग्रेस चुनाव हारे तो कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है, कांग्रेस चुनाव जीते जाए तो एक नहीं कई लोग जीत का सेहरा अपने सर खुद ही बांधकर सीएम बनने का दावा पेश कर देते हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस चुनाव जीती तो यही हुआ, मप्र,राजस्थान में जीती तो यही हुआ, कर्नाटक में कांग्रेस जीती तो यही हुआ। दोनों जगह दो दो लोग सीएम बनना चाहते थे, कोई किसी के लिए सीएम का पद छोड़ने को तैयार नहीं था तो जो छत्तीसगढ़ में किया गया वही कर्नाटक में भी किया गया। आलाकमान ने फैसला किया कि दोनों दावेदार ढाई ढाई साल सीएम रहेंगे। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल टीएस सिंहदेव से ज्यादा होशियार निकले, उन्होंने कहा कि आलाकमान का फैसला सिरमाथे पर पहले मैं सीएम बनूंगा। सीधे सादे टीएस सिंहदेव ने यकीन कर लिया कि जब आलाकमान ने कह दिया है तो वह ढाई साल बाद सीएम बनेंगे ही। उन्होंने ढाई साल इंतजार किया।ढाई साल पूरे हुए तो वही हुआ आज कर्नाटक में हो रहा है। भूपेश बघेल ने ढाई साल में ज्यादातर विधायकों को अपना बना लिया। उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा देने की जगह दिल्ली में विधायकों को भेजकर आलाकमान को संदेश दे दिया कि विधायक तो उनके साथ हैं और सीएम तो वही होता है जिसके साथ विधायक होते है। सिंहदेव कोई विधायक दिल्ली में पेश नहीं किए इसलिए वह सीएम नहीं बन सके। इस आधार पर कहा जाता है कि आलाकमान ने सिंहदेव से जो वादा किया था,वह पूरा नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ में आलाकमान के वादे पर एतबार कर सिंहदेव इंतजार करते रहे कि कब उनको सीएम बनाया जाएगा, कर्नाटक में डीके शिवकुमार सिध्दारमैया के ढाई साल पूरे होने पर इंतजार कर रहे हैं कि आलाकमान कब अपना वादा पूरा करेगा।सिंहदेव व शिवकुमार में फर्क यह है कि टीएससिंहदेव के पास विधायक नहीं थे और डीके शिवकुमार के पास विधायक है, वह दिल्ली जाकर चाह रहे हैं कि आलाकमान अपना वादा पूरा करे। फैसला तो आलाकमान को करना पड़ेगा।जिसके साथ ज्यादा विधायक होंगे, सीएम तो उसी को बनाना होगा। लोकतंत्र में तो यही होता है।बहुमत जिसके साथ सीएम की कुर्सी उसी की। शिवकुमार चाहते हैं कि वादे के मुताबिक सिध्दारमैया खुद ही इस्तीफा दें, सिध्दारमैया चाहते है कि आलाकमान उनको इस्तीफा देने के लिए कहे।आलाकमान ने अब तक कोई फैसला नहीं किया लेकिन कोई फैसला तो करना पड़ेगा। साथ ही फायदे व नुकसान को भी सोचना होगा।



# आरक्षण के लिए ब्राह्मण बेटियों की बेहूदी मांग

**अभद्र टिप्पणी**

**प्रमोद भार्गव**

मध्य-प्रदेश में आईएएस अधिकारी का आचरण आदर्श व्यवहार के प्रति नितांत अभद्र बयान के रूप में सामने आया है। यह बयान केवल ब्राह्मणों की बेटियों के लिए ही नहीं, बल्कि समूचे देष की बेटियों के प्रति जातिसूचक अशोभनीय बयान है, जो कतई बर्दाश्त के लायक नहीं है। राजधानी भोपाल में कृषि विभाग में उपसचिव स्तर के आईएएस संतोश वर्मा ने आरक्षण का पक्ष लेते हुए विवादित बयान में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लपेटा है। उन्होंने कहा कि जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे या उससे संबंध न बना ले तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। केवल आर्थिक आधार की बात है तो जब तक रोटी-बेटी का व्यवहार नहीं होता, तब तक सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण की पात्रता बनी रहनी चाहिए। वर्मा ने यह टिप्पणी मध्यप्रदेष अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी तथा कर्मचारी संघ का प्रदेष अध्यक्ष बनने के बाद एक सभा में कही है। इस कथन का वीडियो बहुप्रसारित होने के बाद इसका विरोध न केवल ब्राह्मणों ने किया, बल्कि सभी जातियों के प्रभुत्व नागरिकों ने भी किया है। इस आक्रोश के बाद संतोश वर्मा को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया। लेकिन इस बयान के बाद संतोष वर्मा के राज्यसेवा में रहते हुए काले-चिट्ठे का सिलसिलेवार खुलना षुरू हो गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि अनेक आपराधिक कृत्यों का आरोपी आखिरकार उस भाजपा सरकार में सेवा में कैसे है, जो नारियों के सम्मान की चिंता का दावा करने से अघाती नहीं है। उनकी आईएएस हेतु पदोन्नति पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस टिप्पणी के आद संतोष वर्मा बैकफुट पर तो है। उनके दुराचरण और फर्जीवाड़े की नई-नई परतें रोजाना खुल रही हैं। उन्होंने आईएएस की पदोन्नति के लिए विषेश न्यायाधीष विजय रावत के नाम से जाली आदेष व हस्ताक्षर तैयार कराए। इन दस्तावेजों और आदेष की सत्यापित प्रति के आधार पर उन्होंने खुद को बरी दिखाकर आईएएस कैडर और पदोन्नति हासिल कर ली। जबकि जिस दिन का यह आदेष है, उस दिन विजय रावत छुट्टी पर थे। जांच में यह आदेष फर्जी पाया गया। उन पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई। 27 जून 2021 को पुलिस ने वर्मा को गिरफ्तार किया और राज्य षासन ने उन्हें निलंबित कर दिया। उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467, 471, (कूटरचित दस्तावेज) और 120-बी (साजिष) में मामला दर्ज है। इस प्रकरण की एसीपी सेंट्रल कोतवाली में अभी भी जांच चल रही है।

संतोश वर्मा पर इंदौर के लसूडिया थाने में एक महिला ने धोखाधड़ी और षारीरिक षोशण की एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़ित महिला का कहना था कि वर्मा ने षादी का झांसा देकर विष्वासघात किया। वह पहले से ही विवाहित था। जिसे उसने छिपाया और बाद में शादी से मना कर दिया। इस पर महिला ने एफआईआर के साथ कई जगह सरकार को शिकायती पत्र भी लिखे। लेकिन राज्य सरकार न केवल चुप्पी साधे रखी, बल्कि भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के लिए पदोन्नत करने की अनुशंसा भी कर दी। सरकार का यह नितांत गैर-जुम्मेवाराना काम रहा था। इस पदोन्नति से संतोश वर्मा का अहंकार बड़ा और उन्होंने आरक्षण के बहाने ब्राह्मण बेटियों पर जिस तरह की निंदनीय टिप्पणी की, उसकी उम्मीद किसी समझदार व्यक्ति से कतई नहीं की जा सकती है ? यहां प्रष्न यह भी उठता है कि जिस अधिकारी को सेवा आचरण नियमावली तक का ज्ञान नहीं है, उसे कैसे सरकार ने आईएएस बना देने की अनुशंसा भारत सरकार को कर दी ? ऐसी दूषित मानसिकता के अधिकारियों से निष्पक्ष कार्यशैली की उम्मीद कतई नहीं की जा सकती है ? अतएव राज्य सरकार को निलंबन से आगे जाकर सेवा समाप्ति की कार्यवाही तो करने की जरूरत तो है ही, पुलिस एवं अदालत में लंबित प्रकरणों पर भी बस्ते में बंद जांच आगे बढ़ाने की भी जरूरत है।

मध्यप्रदेष में उच्चाधिकारियों के व्यवहार में उद्दंडता लंबे समय से बनी चली आ रही है। मुख्यमंत्री कमलनाथ की सरकार के दौरान राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर में संषोधित नागरिकता कानून के पक्ष में प्रदर्षन कर रहे भाजपा नेताओं को जिलाधीष और उप-जिलाधीष ने चांटे जड़ दिए थे। ये चांटे कलेक्टर निधि निवेदिता और डिप्टी कलेक्टर प्रिया वर्मा ने मारे थे। दोनों नौकरषाहों ने महज अहंकार तुश्टि के चलते कार्यकर्ताओं के साथ निरंकुषता बरती थी। इन दोनों अधिकारियों का यह आचरण नागरिक सेवा के विपरीत था। उनके द्वारा स्वयं भीड़ में पहुंचकर मारपीट करना दंडनीय अपराध है। जेएनयू से षिक्षित और ब्रिटिष हुकूमत के दंभ से प्रेरित यही निधी 2016 में सिंगरौली जिला पंचायत की सीईओ रहते हुए एक पंचायत सचिव को उठक-बैठक लगवा चुकी थी।

जिला प्रमुख के 'कलेक्टर' नाम से वह अर्थ और ध्वनि नहीं निकलते हैं, जो उनकी कार्यषैली और कार्य क्षेत्र का हिस्सा है। कलेक्टर का सामान्य अर्थ, संग्राहक, संग्रहकर्ता, संकलनकर्ता, एकत्रित करने वाला अथवा कर उगाहने वाला होता है। जबकि हमारे यहां पदनाम का दायित्व जिले की कानून व्यवस्था और प्रषासनिक दायित्व से जुड़ा है। इसलिए कलेक्टर को डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अर्थात जिला दण्डाधिकारी भी कहा जाता है। कलेक्टर को जिलाधिकारी अथवा जिलाधीश के पदनामों से भी जाना जाता है, किंतु कलेक्टर पदनाम इतना प्रचलित और प्रभावशील हो गया है कि जो भी आईएएस बनते हैं, उन्हें सबसे ज्यादा गौरव का अनुभव कलेक्टर बनने या कलेक्टर कहलाने में ही होता है। इस बीमार प्रशासनिक तंत्र को दुरुस्त करने के लिए उनकी सेवा-शर्तों को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है।इस बात में कोई दो राय नहीं कि बीते दो दषकों के भीतर षासन-प्रषासन के स्तर पर कार्यषैली की गुणवत्ता में बहुत गिरावट आई है और हर क्षेत्र में प्रषानिक निरंकुषता बढ़ी है। षासन यानी सरकार का काम जन-हितैशी व चतुर्मुखी विकास संबंधी ठोस नीतियां बनाना है। स्वीकृत परियोजना के अनुरूप क्रियान्वयन का दायित्व प्रषासनिक अधिकारियों का होता है, जिनमें कलेक्टर जिला प्रमुख होने के साथ अधिकतम अधिकारों से संपन्न भी होता है। इसलिए 95 प्रतिशत कार्यों का संबंध ऐसे उचित क्रियान्वयन से है, जो पूरी तरह नागरिक सेवा के अधिकारियों के हाथ होता है। सच्चाई तो यह भी है कि विधायिका की बजाय अधिकांष नई नीतियों और नए कानूनों के निर्माण में भी अहम भूमिका इन्हीं अधिकारियों की रहती है। इसलिए ज्यादातर कानून इस तरह से परिभाषित किए जाते हैं कि उनमें अंतिम निर्णय का अधिकार अंततः अधिकारी के ही हाथ में रहे। पंचायती राज, सूचना का अधिकार, कानून और उपभोक्ता अदालतों से जनता का मोहभंग हो जाना यही प्रमुख वजह है। जब शिक्षा-तंत्र पर निगरानी की पहल का दायित्व पंचायतों को सौंपने की बात उठी थी, तब शिक्षकों ने बौद्धिक दंभ दिखाते हुए कहा था कि एक निरक्षर सरपंच उन पर निगरानी कैसे कर सकता है ? यह प्रश्न अपनी जगह तार्किक हो सकता है, लेकिन इस परिप्रेक्ष्य में गौरतलब है कि शिक्षक रोजाना विद्यालय आता है अथवा नहीं ? आता भी है तो वह मटरगष्ती करता है या कुछ पढ़ाता भी है ? इसकी तस्दीक करने का संबंध निगरानीकर्ता के पढ़े-लिखे होने से कतई नहीं है ? आज सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई से बड़ा सवाल षिक्षक का विद्यालय में उपस्थित नहीं होना है।

अब भला शिक्षक की उपस्थिति की तस्दीक करने में निरक्षरता कहां बाधा बनती है ? यहां यह भी गौरतलब है कि एक अनपढ़ व्यक्ति का व्यावहारिक ज्ञान, पढ़े-लिखे से भी कहीं ज्यादा भी हो सकता है ? कलेक्टर हो या कोई अन्य लोकसेवक उसकी गुणवत्ता का मापदण्ड, उसकी ईमानदारी, कार्यक्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता से होती है। नीतियों व कार्यों पर यदि ठीक से अमल नहीं होता है तो गुणवत्ता ध्वस्त हो जाती है। प्रत्येक राज्य सरकार अनेक श्रेश्ठ नीतियां गरीब, वंचित और किसानों के हित में बनाती हैं, लेकिन प्रषासनिक अकुषलता और भ्रश्टाचार के चलते परिणाम के स्तर पर अमल दोशपूर्ण रहता है। यही वजह रही कि मध्य-प्रदेष में क्लर्क से लेकर आईएस तक जिन अधिकारियों के यहां लोकायुक्त पुलिस ने छापे डाले हैं, उनके यहां से करोड़ों की चल-अचल संपत्तियां बरामद हुई हैं। रंगे हाथों पकड़े जाने के बावजूद ये लोकसेवक धनबल व अपनी पहुंच के जरिए बेदाग बच निकलते हैं। इनका बच निकलना इसलिए भी आसान होता है, क्योंकि बचाव के पक्ष में अनेक कानून और अनुमोदन की कड़ियां हैं। किसी नौकरषाह को गिरफ्त में लेने से पहले इन कड़ियों से पार पाना टेढ़ी खीर होता है। बावजूद कोई भी संवेदनषील सरकार इतना तो कर ही सकती है कि भ्रश्टाचार के मामले में पकड़े गए और तकनीकी आधार के बूते छूटे लोकसेवकों को प्रषासनिक दायित्व से मुक्त रखे। लेकिन ऐसा होता नहीं है। यह संतोश वर्मा के मामले में भी साफ दिखाई दे रहा है।

## सू- दोकू क्र.242

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.241 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 242

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 241 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## राशिफल

मेष आज का दिन धन प्राप्ति के मामले में दिन बढ़िया रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलेगा, जो आपको खुशी देगा और आप अपने कामों को पूरी मेहनत से करेंगे, जिससे आपको एक अच्छा मुकाम भी हासिल होगा। संतान के करियर को लेकर आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। परिवार में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। बिजनेस में भी आपको कुछ बड़ी डीलों को फाइनल करने का मौका मिलेगा, जिसमें आप काफी व्यस्त रहेंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि काम को लेकर कोई मित्र सलाह दें, तो उस पर आप थोड़ा सोच समझकर ही अमल करें। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। आपकी कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्च पर ध्यान देने के लिए रहेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। आप किसी नए काम में हाथ आजमाने की सोचेंगे। कोई वाहन खरीदने की इच्छा आपकी पूरी हो सकती है, लेकिन आप किसी से मांग कर वाहन ना चलाएं। परिवार में आप जरूरत से ज्यादा खर्चों को बढ़ा सकते हैं, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। किसी अजनबी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें।

कर्क आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपकी कला व कौशल में निखार आएगा। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देना होगा। सामाजिक व राजनीतिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी आप उतार सकते हैं।

सिंह आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपकी अपने किसी सहयोगी से बेवजह लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उसमें सफलता अवश्य मिलेगी। आप किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आपने पहले कोई इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे आपको अच्छा धन लाभ मिलने की संभावना है। जीवन साथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे और जिससे दोनों एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। किसी डील को लेकर पार्टनरशिप होगी। आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के सोर्सो पर भी पूरा ध्यान देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। यदि आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या है, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपको किसी के कहने में आकर कोई निर्णय नहीं लेना है, नहीं तो बाद में उसके लिए पछतावा होगा।

तुला आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा, इसलिए आपको अपने आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ना होगा। कोई कानूनी मामला यदि आप कोई टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपके कुछ नए कामों को गति मिलेगी। संतान की तरक्की में आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। आपको अपने किसी लेनदेन से संबंधित मामले को मिल बैठकर निपटना होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

धनु आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके कामों को लेकर एक नई पहचान मिलेगी। बिजनेस में भी आप अपनी योजनाओ में कोई बदलाव करेंगे। आप जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं। वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद किसी वाद विवाद को लेकर मनमुटाव खड़ा कर सकता है। आप अपने बिजनेस के कामों को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

मकर आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। आपको कामकाज पर पूरा ध्यान देना होगा। कोई सरकारी काम समय से पूरा होगा, जो आपको खुशी देगा। आपको अपने खर्चो को थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे, लेकिन किसी प्रॉपर्टी से संबंधित मामले में आपको थोड़ी समस्या होगी।

कुंभ आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को समय से पहले पूरा करके देंगे, जिससे आपके बॉस भी काफी खुश रहेंगे। घर में यदि कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ काम पूरा होगा।

मीन आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका बिजनेस पहले से बेहतर होगा और परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। धन को लेकर यदि कोई समस्या आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे।आपको गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा।

# भारत के उद्यम पुरोधा जेआरडी टाटा

**(स्मृति आलेख)**

**सुनील कुमार महला**

29 नवंबर वह दिन है, जब आधुनिक भारत की बुनियाद रखने वाली औद्योगिक हस्तियों में सर्वोपरि, महान् उधोगपति तथा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, टाइटन इंडस्ट्रीज, वोल्टास और एअर इंडिया के संस्थापक जे. आर. डी. टाटा( जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा)का निधन हो गया था।वे हमारे देश के उन महान व्यक्तित्वों में से एक थे, जिन्होंने उद्योग, विमानन, विज्ञान और सामाजिक कल्याण हर क्षेत्र में देश को एक नई दिशा दी।उनको भारतीय उद्योग जगत में आधुनिकता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता है। भारत की पहली वाणिज्यिक एयरलाइन टाटा एयरलाइंस (आज की एयर इंडिया) की स्थापना का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उनकी अगुवाई में टाटा समूह ने न सिर्फ व्यापारिक सफलता हासिल की, बल्कि कर्मचारियों के हित और सामाजिक विकास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उल्लेखनीय है कि जेआरडी टाटा को वर्ष 1992 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था,जो किभारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।यह पुरस्कार उन्हें उद्योग, नागरिक उड्डयन और सामाजिक कार्यों में उनके योगदान के लिए दिया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वह भारत रत्न पाने वाले पहले उद्योगपति थे। उन्हें 1955 में पद्म भूषण भी प्रदान किया गया।उन्हें एफएआई गोल्ड एअर मेडल,यूएनओ के एविएशन सम्मान, और फ्रांस का लीजन डी'होनूर भी मिला। यहां पाठकों को बताता चलूं कि उनका जन्म 29 जुलाई 1904 को पेरिस, फ्रांस में हुआ था तथा मृत्यु 29 नवम्बर 1993 (उम्र 89 वर्ष) जिनेवा, स्विट्ज़रलैण्ड में हुई। उनके माता-पिता का नाम रतनजी दादाभाई टाटा सुजैन 'सूनी' ब्रियरे था तथा थेल्मा टाटा उनकी जीवनसाथी थीं।विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनके पास फ्रांस (1904–1928) तथा भारत (1929–1993) की नागरिकता थी। पाठकों को बताता चलूं कि फ्रेंच उनकी पहली भाषा थी, और वे भारत के उन गिने-चुने उद्योगपतियों में रहे जो फ्रेंच, अंग्रेज़ी और गुजराती तीनों भाषाएँ सहजता से बोलते थे। उनके नाम में 'दादाभाई' शब्द उनके मामा दादाभाई नौरोजी के सम्मान में जोड़ा गया था। बहुत कम लोग जानते हैं कि वे भारतीय वायुसेना में 'आनरेरी एयर कमोडोर' के पद से सम्मानित किए गए थे, क्योंकि भारत की नागरिक उड्डयन नीति के निर्माण में उनका योगदान असाधारण था।जेआरडी टाटा का एक अनोखा शौक था-पत्र पढ़ना और लिखना।वे हर साल अपने कर्मचारियों के कुछ पत्र खुद पढ़ते और कई का जवाब हाथ से लिखकर देते थे। यह उनकी 'पीपल-फर्स्ट' सोच का आधार था। उन्होंने टाटा समूह के भीतर महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश, कर्मियों के लिए मेडिकल सुविधाएं,कर्मचारियों के प्रॉविडेंट फंड, लाभांश का वितरण, वर्कर्स' वेलफेयर स्कीम,वर्कर्स' इंस्योरेंस,टाटा स्टील में 8 घंटे की शिफ्ट (भारत में पहली बार),उद्योग में जन-कल्याण मॉडल का नया खाका जैसी व्यवस्थाएँ उस समय शुरू कर दी थीं, जब भारत में इनकी कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं थी।उन्होंने फ्रांस, जापान और भारत में शिक्षा पाई तथा उन्हें शुरुआत से ही तकनीक, विमानन और प्रबंधन में गहरी रुचि थी। सबसे दिलचस्प बात यह है कि जेआरडी टाटा कभी कॉलेज ग्रैजुएट नहीं थे, फिर भी वे विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के इतने गहरे जानकार बने कि उन पर कई विदेशी विश्वविद्यालयों ने मानद उपाधियाँ प्रदान कीं। वे भारत के पहले लाइसेंस प्राप्त पायलट थे। गौरतलब है कि 1930 में भारत सरकार ने पायलट लाइसेंस जारी करने शुरू किए थे और जे.आर.डी. टाटा लाइसेंस संख्या '1' के साथ भारत के पहले पायलट बने।1932 में उन्होंने भारत की पहली निजी और वाणिज्यिक एयरलाइन टाटा एअर मेल शुरू की।इसकी पहली उड़ान कराची से मुंबई तक थी,जो स्वयं जे.आर.डी. टाटा ने उड़ाई थी।बाद में यही एयरलाइन 1946 में एअर इंडिया बनी और 1948 में सरकार ने इसे राष्ट्रीय एयरलाइन का दर्जा दिया। सरकारीकरण के बाद भी जे.आर.डी. लंबे समय तक एयर इंडिया के चेयरमैन रहे।1938 में मात्र 34 वर्ष की आयु में वे टाटा सन्स के चेयरमैन बने।उनके नेतृत्व में टाटा समूह 13 कंपनियों से बढ़कर 70 से अधिक



कंपनियों का विशाल औद्योगिक परिवार बना। उनके नेतृत्व में गठित प्रमुख कंपनियों में क्रमशः टाटा मोटर्स (पहले इसे टेल्को कहा जाता था),टाटा कैमिकल्स,टाटा टी, टाटा एअरलाइंस/एअर इंडिया,टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज(टीसीएस, औपचारिक रूप से 1968 में, पर इसकी नींव उनके ही समय में रखी गई थी) आदि शामिल हैं। उनके समय में टाटा स्टील का भी विस्तार हुआ।उनकी सोच केवल लाभ कमाने तक सीमित नहीं थी, और जैसा कि ऊपर भी बता चुका हूं कि, बल्कि नेशन फर्स्ट (देश पहले) सिद्धांत उनकी हर नीति का आधार था।वे उद्योग को केवल आर्थिक मशीन नहीं बल्कि एक सामाजिक संस्था मानते थे।उनका विचार था कि 'जब आप कोई उद्योग चलाते हैं, तो आप केवल एक कंपनी नहीं चलाते, बल्कि समाज के जीवन स्तर को भी प्रभावित करते हैं।'उन्होंने टाटा समूह को कारपोरेट सोशल रेस्पान्सिबिलिटी(सीएसआर) का अग्रदूत बनाया। वास्तव में वे वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति के पैरोकार थे तथा वे भारत में विज्ञान और शोध के बड़े समर्थक थे।उनके नेतृत्व में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च(टीआइएफआर),टाटा मैमोरियल हास्पीटल,जो कि कैंसर इलाज में अग्रणी है, बने। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के विकास में उनका विशेष योगदान रहा है तथा एनसीपीए यानी कि नेशनल सेंटर फॉर परफोर्मिंग आर्ट्स भी उनके नेतृत्व में बना है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वे अत्यंत सरल जीवन जीते थे-न कोई चमक-दमक, न सुरक्षा तामझाम। वे सार्वजनिक स्थानों पर लाइन में लगकर टिकट खरीदने के लिए भी जाने जाते थे, और यही सादगी उन्हें असाधारण बनाती है। दूसरे शब्दों में कहें तो उनका व्यक्तिगत स्वभाव बहुत ही सरल,अत्यंत सादा जीवन, परिश्रमी और अनुशासित था।निर्णय लेते समय वे अत्यधिक दूरदर्शी थे तथा कर्मचारियों से सीधा संवाद करते थे।उनका मानना था कि 'कर्मचारी परिवार होते हैं—मालिक नहीं, संरक्षक होते हैं।' इस संबंध में पाठकों को बताता चलूं कि एक बार की बात है कि टाटा स्टील में एक कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। कंपनी के नियमों के अनुसार उसके परिवार को कुछ सहायता मिलनी थी।जे.आर.डी. ने दस्तावेज़ देखे और पूछाः क्या उसके परिवार की जिंदगी इससे चल जाएगी? कहा गया- 'शायद मुश्किल से।' तुरंत आदेश दिया गया-'उसकी पत्नी को स्थायी नौकरी दें और बच्चों की शिक्षा टाटा फंड से होगी।'उस महिला ने बाद में कहा-'मेरे बच्चों का जीवन जे.आर.डी. ने बदला, उन्होंने केवल नियम नहीं—हृदय से निर्णय लिया।' वास्तव में यह दर्शाता है कि वे मानवता के पुजारी थे। इतना ही नहीं, वे समय और गुणवत्ता के प्रति अत्यधिक सख्त थे। उनके बारे में टाटा कर्मचारियों का कहना था कि-'जे.आर.डी. टाटा बॉस नहीं, परिवार के मुखिया की तरह थे।'वे एक ऐसे व्यक्तित्व थे जो भारत को एक खुशहाल देश बनाना चाहते थे, इसीलिए उन्होंने एक बार यह बात कही थी कि-'मैं नहीं चाहता कि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बने। मैं चाहता हूँ कि भारत एक खुशहाल देश बने।' यह दिखाता है कि उनकी सोच किसी सामान्य जन से हटकर और अलग थी। वे कहा करते थे कि सामान्य लोगों में भोजन की भूख होती है, असामान्य लोगों में सेवा की भूख होती है। उद्यम की सफलता के बारे में उनका विचार था कि-'अच्छे मानवीय संबंध न केवल महान व्यक्तिगत पुरस्कार लाते हैं बल्कि किसी भी उद्यम की सफलता के लिए आवश्यक हैं।'उनका यह मानना था कि भौतिक दृष्टि से कोई भी सफलता या उपलब्धि तब तक सार्थक नहीं है जब तक कि वह देश और उसके लोगों की जरूरतों या हितों की पूर्ति न करे और निष्पक्ष और ईमानदार तरीकों से हासिल न की जाए" । अंत में यही कहूंगा कि जे.आर.डी. टाटा केवल उद्योगपति ही नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण में गहरा योगदान देने वाले दूरदर्शी राष्ट्र-निर्माता थे" ।टाटा जैसे व्यक्तित्व से हम सभी को यह प्रेरणा और प्रोत्साहन मिलता है कि विनम्रता नेतृत्व की पहली शर्त है तथा लाभ से अधिक महत्वपूर्ण नैतिकता और इंसानियत है। हमें उनसे यह भी प्रेरणा मिलती है कि उद्योग समाज का संरक्षक होता है तथा सपनों को परिस्थिति नहीं, साहस मार्ग देता है।सच तो यह है कि वे दूरदृष्टि, अनुशासन और मानवीयता के अद्भुत संगम थे, जिन्होंने उत्कृष्टता और नैतिकता की ऐसी संस्कृति खड़ी की, जो आज भी हर किसी को प्रेरणा देती है। उनका जीवन बताता है कि सही सोच, सेवा-भाव और कर्मठता मिलकर एक व्यक्ति को युग-पुरुष बना देती है।

# श्रीजगन्नाथ मंदिर में अगहन गुरुवार ब्रह्म मुहूर्त में सफेद उल्लू के हुए दर्शन

■ श्रीमहालक्ष्मी की कृपा से सफेद उल्लू के हुए दर्शन, धार्मिक आस्था के साथ चर्चा का बना विषय

**जगदलपुर, 28 नवंबर।** बस्तर जिल मुख्यालय के रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में अगहन गुरुवार के पावन अवसर पर आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त 4:00 बजे श्रीमहालक्ष्मी का वाहन दुर्लभ सफेद उल्लू के दर्शन होने से श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ इसे शुभ मानकर दशर्न लाभ लेने के लिए श्रीजगन्नाथ मंदिर पंहुचने लगे हैं । श्रीजगन्नाथ मंदिर को श्रीमंदिर भी कहा जाता है, अर्थात जहां श्रीजगन्नाथ होंगे वहां श्रीमहालक्ष्मी का वास होगा, चूंकि श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में श्रीमहालक्ष्मी का भी मंदिर स्थित है, इसलिए श्रीमहालक्ष्मी का वाहन दुर्लभ सफेद उल्लू के श्रीजगन्नाथ मंदिर में दर्शन होने से श्रद्धालु इसे अत्यंत शुभ मानकर दर्शन कर रहे हैं। श्रीजगन्नाथ मंदिर जगदलपुर में यह घटना धार्मिक आस्था के साथ चर्चा का विषय बनी रही, और लोग इसे श्रीमहालक्ष्मी की विशेष कृपा के रूप में देख रहे हैं। श्रीमहालक्ष्मी मंदिर के पंडित शुभांसु पाढ़ी ने बताया कि आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त 4 बजे श्रीमहालक्ष्मी का वाहन सफेद उल्लू श्रीजगन्नाथ मंदिर में पंहुचकर दशर्न दिए। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, सफेद उल्लू श्रीमहालक्ष्मी का वाहन है, और इसका दर्शन धन, सुख-समृद्धि, सौभाग्य एवं सकारात्मक ऊर्जा के आगमन का संकेत माना जाता है। अगहन गुरुवार जैसे शुभ दिन पर हुए इस दुर्लभ सफेद उल्लू देवी श्रीमहालक्ष्मी का वाहन के दर्शन ने श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह को और बढ़ा दिया है। उन्होने बताया कि इसे अति शुभ संकेत और श्रीमहालक्ष्मी का दिव्य आशीर्वाद मानते हुए मंदिर में दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा-विधान संपन्न किया गया। अगहन गुरुवार होने के कारण आज श्रीमहालक्ष्मी का विशेष श्रृंगार किया गया और अमृत भोग लगाया गया, यह बहुत शुभ संयोग है।पंडित शुभांसु पाढ़ी ने बताया कि सफेद उल्लू के दर्शन का धार्मिक महत्व है, यह शुख-समृद्धि का प्रतीक है एवं शास्त्रों में सफेद उल्लू को धन और वैभव का अग्रदूत बताया गया है। सफेद उल्लू अत्यंत दुर्लभ माना जाता है, इसलिए इसके दर्शन को लोग दिव्य अनुभव मानते हैं।



## एक नजर

### सार्थक ने रायपुर में सराहनीय प्रदर्शन दोहरा कर पाया गोल्ड मेडल

**जगदलपुर 28 नवंबर।** शहर के नन्हे प्रतिभा सितारे सार्थक सतपथी ने एक बार फिर बस्तर का नाम चमका दिया है। रायपुर में आयोजित 8 इंटरनेशनल अबेकस, वैदिक मैथ्स एवं हैंडराइटिंग कॉम्पिटिशन (रिटर्न एग्जाम) में सार्थक ने जूनियर लेवल-1, ग्रुप- ष्ट में विथाउट अबेकस-मेंटल और विथ अबेकस-रिटर्न दोनों श्रेणियों में चैंपियन ट्रॉफी व प्रथम स्थान का गोल्ड मेडल हासिल किया। राज्य के विभिन्न जिलों दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर के बच्चों को पीछे छोड़ते हुए सार्थक ने यह प्रयास किया है। सार्थक के माता-पिता निशा और भवानी प्रसाद सतपथी ने इस सफलता का श्रेय बच्चे की लगन, अबेकस के प्रति रुचि और उनकी टीचर को दिया। वर्तमान में सार्थक बचपन ए.एच.पी.एस. धरमपुरा में कक्षा दूसरी के छात्र है। इससे पहले भी वह ओलिंपियाड परीक्षा में एक साथ छह मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा सिद्ध कर चुके हैं।

### प्रेशर बम विस्फोट में महिला आरक्षक घायल

**जगदलपुर 28 नवंबर।** सुकमा जिले के गोगुंडा केम्प क्षेत्र में आज दोपहर नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम विस्फोट में महिला आरक्षक मुचाकी दुर्गा घायल हो गयी। महिला आरक्षक के बाएं पैर में चोटें आयी हैं। फिलहाल आरक्षक की हालत खतरे से बाहर है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गोगुंडा कैम्प से डीआरजी एवं जिला बल की टीम गश्त सर्चिंग के लिए रवाना की गयी थी तभी यह हादसा घटित हुआ। उन्होंने बताया कि महिला आरक्षक के बेहतर उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### वित्तमंत्री को गाइडलाइन दरों और सम्पत्ति के पंजीयन शुल्क पर सौंपे सुझाव

**रायपुर 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में माननीय वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी से सौहार्दपूर्ण भेंट कर प्रदेश में लागू नई गाइडलाइन दरों और अचल संपत्तियों के पंजीयन शुल्क से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत सुझाव प्रस्तुत किए। यह मुलाकात सकारात्मक माहौल में हुई, जहाँ सरकार और व्यापारिक समुदाय दोनों के साझा लक्ष्यों नागरिकों की सुविधा, संतुलित विकास और पारदर्शी व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री जी को अवगत कराया कि नई गाइडलाइन दरों का प्रभाव भूमि व भवनों के विभिन्न वर्गों पर किस प्रकार पड़ रहा है तथा पंजीयन शुल्क को और अधिक सरल, संतुलित एवं व्यावहारिक रूप देने के लिए किन सुधारों पर विचार किया जा सकता है। चेम्बर ने सुझाव दिया कि संपत्तियों के मूल्यांकन और शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जिससे आवास खरीदने वालों, उद्यमियों, व्यापारिक संस्थानों और रियल एस्टेट से जुड़े सभी वर्गों को सुविधा हो एवं प्रदेश में निवेश और व्यापारिक गतिविधियाँ और अधिक सुगम हो सकें। चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में राजस्व सुधार, व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और आधुनिक प्रक्रियाओं को अपनाने हेतु किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

### अमीन भर्ती परीक्षा संचालन को लेकर कलेक्टर ने दिए सतर्कता व सावधानी बरतने के निर्देश

**कांकेर, 28 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आगामी 07 दिसम्बर को अमीन भर्ती प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले में स्थापित 44 परीक्षा केन्द्रों में 9554 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा का पारदर्शितापूर्ण संचालन के उद्देश्य से आज केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों की बिन्दुवार जानकारी दी गई। कार्यशाला में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि अमीन भर्ती परीक्षा में व्यापमं द्वारा नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को अक्षरशः पालन करें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि सिविल सेवा में उपयुक्त अभ्यर्थियों का पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ चयन हो, इसके लिए लिखित परीक्षा के दौरान सतर्कता व सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा की समाप्ति तक अनेक निर्देश व्यापमं द्वारा जारी किए गए हैं। विशेष तौर पर परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की पहचान, विभिन्न स्तर पर फ्रिस्किंग व चेकिंग, उनकी पोशाक, फुटवेयर, परीक्षा सामग्री आदि के संबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है।

# नक्सल प्रभावित इलाकों के विशेष स्वास्थ्य शिविरों में 1324 का हुआ उपचार, बनाए 129 नए आयुष्मान कार्ड



**जगदलपुर, 28 नवंबर।** बस्तर संभाग के घुर नक्सल प्रभावित नारायणपुर, सुकमा और बीजापुर जिले के अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाल ही में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों ने सुरक्षा चुनौतियों और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए सेवा और विशेषज्ञता की नई मिसाल कायम की है। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल में रायपुर मेडिकल कॉलेज सहित डिमरापाल और कांकेर में संचालित मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही मेडिकल छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने आयोजित विभिन्न शिविरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया।मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर जिले में ये शिविर ईरकभट्टी, बेड़माकोटी, कस्तूरमेटा और कांदुलपार जैसे दूरस्थ स्थानों पर आयोजित किए गए, जबकि सुकमा में दुलेड़ और लखापाल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को कवर किया गया। बीजापुर में गूंजेपर्ती, पुतकेल, कोंडापल्ली और मुतवेंडी जैसे स्थानों पर आयोजित इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कुल 1324 ग्रामीणों का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और सभी को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर डॉ. महेश शांडिल्य ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार बस्तर अंचल के दूरस्थ अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता के उद्देश्य से इन स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविरों में स्वास्थ्य जांच उपरांत ईलाज किया जा रहा है। वहीं आवश्यकता के अनुरूप मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थान में उपचार करवाने भेजा जा रहा है। इन स्वास्थ्य शिविरों के जरिए नारायणपुर में 367, सुकमा में 318 और बीजापुर में 639 ओपीडी जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान गंभीर और स्थानिक रोगों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान कुल 83 मलेरिया पॉजिटिव मामले पाए गए, जिनका तुरंत उपचार शुरू हुआ। टीबी की पहचान के लिए 207 नमूने लिए गए और आदिवासी बहुल क्षेत्रों की एक प्रमुख आनुवंशिक समस्या, सिकलसेल, एनीमिया की पहचान के लिए 464 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त कुल 212 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ 129 नए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। उक्त स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन सुरक्षाबलों के सहयोग और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के दृढ़संकल्प का परिणाम है, जो दर्शाता है कि सरकार और प्रशासन दुर्गम क्षेत्रों में भी अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने कृषि महाविद्यालय में की समीक्षा बैठक

**जगदलपुर, 28 नवंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कर्नल गिरीश चंदेल ने निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा के साथ शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का आज गुरूवार को सघन भ्रमण एवं समीक्षा बैठक की। इस महत्वपूर्ण भ्रमण में कुलपति ने परिसर की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया, इस दौरान नवीन मशरूम उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने बालिका छात्रावास में चल रहे अतिरिक्त निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। इस दौरान कुलपति एवं निदेशक विस्तार सेवाएं ने परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र में चल रहे विभिन्न अनुसंधानों का प्रक्षेत्र में जाकर जायजा लिया और वैज्ञानिकों को अनुसंधान में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कुलपति ने महाविद्यालय के बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए। संगोष्ठी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कुलपति और निदेशक विस्तार सेवाएं ने केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। जिसका संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के सह-निदेशक अनुसंधान डॉ. अश्वनी कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। कुलपति ने परियोजनाओं के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए।

# दिसंबर में पैसेंजर 3 और हीराखंड व राउरकेला 2-2 दिन नहीं आएंगी बस्तर, होगी दिक्कत

■ पैसेंजर 2, 9 और 16 दिसंबर को नहीं चलेगी

**जगदलपुर 28 नवंबर।** पूर्वी तटीय रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन में कोट्टावलासा-किरंदुल सेक्शन पर आधुनिकीकरण का कार्य किया जाना है। ऐसे में बस्तर आने वाली यात्री ट्रेने प्रभावित रहेंगी। रेलवे के अनुसार इस विशेष अभियान के तहत, दिसंबर 2025 के पहले दो सप्ताह में प्रभावित होने वाली ट्रेनों की विस्तृत सूची जारी की गई है। ये बदलाव मुख्य रूप से पैसेंजर, एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों को प्रभावित करेंगे। रेलवे ने कहा कि लेवल क्रॉसिंग गेट के आधुनिकीकरण के लिए कट एंड कवर विधि से सेगमेंट बॉक्स लगाने के कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लागू किया जाएगा। रेलवे के वरिष्ठ मंडल कमर्शियल प्रबंधक (सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर) के. पवन कुमार ने कहा कि ये बदलाव सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए अनिवार्य है।

**पैसेंजर 2,9 और 16 दिसंबर को नहीं आएगी :** रेलवे के मुताबिक ट्रेन नंबर 58501 (विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर) 2 दिसंबर, 9 दिसंबर और 16 दिसंबर को विशाखापत्तनम से निर्धारित प्रस्थान के बाद कोरापुट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। वहीं ट्रेन नंबर 58502 (किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर) वापसी के दौरान किरंदुल के बजाय कोरापुट से रवाना होगी। यानी किरंदुल से कोरापुट तक का सेक्शन छूटेगा।

**हीराखंड व राउरकेला एक्सप्रेस 1, 2, 15 और 16 दिसंबर को नहीं चलेगी:** ट्रेन नंबर 18447 (भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस) 1 दिसंबर और 15 दिसंबर को भुवनेश्वर से चलने के बाद कोरापुट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 18448(जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस) 2 दिसंबर और 16 दिसंबर को जगदलपुर के बजाय कोरापुट से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 18107 (राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस) 1 दिसंबर और 15 दिसंबर को राउरकेला से प्रस्थान के बाद कोरापुट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। वहीं ट्रेन नंबर 18108 (जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस) 2 दिसंबर और 16 दिसंबर को जगदलपुर के बजाय कोरापुट से चलेगी।

# प्रशासन ने 25 आत्मसमर्पित नक्सलियों को जिला जेल में उनके परिजनों से मुलाकात करवाई



**सुकमा, 28 नवंबर।** बस्तर में नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है, बड़ी संख्या में नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। बीते दिनों गृहमंत्री विजय शर्मा बस्तर प्रवास के दौरान गृहमंत्री से नक्सलियों के परिजनों ने कहा था कि उनको जेल में बंद परिवार वालों से मिलने दिया जाए। तब विजय शर्मा ने उनको आश्वासन दिया था, कि उनकी मुलाकात उनके परिजनों से जरुरी कराई जाएगी। आज गुरुवार को इसी कड़ी में बस्तर संभाग के आत्मसमर्पित नक्सलियों के परिजनों को जेल परिसर में लाया गया। जेल परिसर में लाने के बाद जेल में बंद उनके परिजनों से उनकी मुलाकात कराई गई। आज 25 आत्मसमर्पित नक्सलियों को जिला जेल में उनके परिजनों से मिलने का मौका मिला, इस मौके पर सुकमा के कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण भी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने कहा कि इस मुलाकात का मकसद आत्मसमर्पित नक्सलियों को दोबारा समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

मुलाकात के दौरान आत्मसमर्पित नक्सली अपने परिवार से मिलकर भावुक हो गए, परिजनों की आंखें नम हो आई। कोई अपने बेटे तो कोई अपने पिता को समझा रहा था कि अब गांव में शांतिपूर्वक जीवन बिताना है। आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिलने आई महिलाएं सबसे ज्यादा भावुक नजर आईं। सभी ने इस मुलाकात के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। परिजनों ने भरोसा दिलाया कि वो जेल में बंद अपने परिवार वालों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे परिजनों से मुलाकात कराए जाने के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे, आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिलने आए परिजन उनके लिए फल, बिस्किट, नमकीन और अचार लेकर आए थे। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि पुनर्वास की आधार शिला केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक समर्थन भी है। परिवार का साथ मिलने से आत्मसमर्पित नक्सली हिंसा की राह से दूर होकर समाज का हिस्सा बनने की ओर कदम बढ़ाएंगे। यह मुलाकात न केवल उनके भीतर विश्वास जगाएगी, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें मजबूत भी बनाएगी।

■ प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने लगाया गया आरोप

# वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर नाम काटे जा रहे

**जगदलपुर, 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर पायलट ने कहा कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर नाम काटे जा रहे हैं और इसमें खासतौर पर आदिवासी, दलित, गरीब और अशिक्षित लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। पायलट ने कहा, राहुल गांधी ने बिहार, हरियाणा, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में वोट चोरी के ठोस आंकड़े और सबूत दिए, लेकिन दुर्भाग्य से निर्वाचन आयोग ने आज तक कोई जांच तक नहीं बैठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग वोटर लिस्ट देने से भी बच रहा है और सवाल पूछने पर भाजपा के प्रवक्ता जवाब देते हैं। चुनाव के दिन सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में नष्ट करने के आयोग के फैसले पर पायलट ने सवाल उठाया कि इससे पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर संदेह पैदा हो रहा है।



**घुसपैठिए का नाम लेकर भ्रम फैला रही भाजपा:** सचिन पायलट ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, चुनाव आते ही घुसपैठिए-घुसपैठिए का शोर मचाते हैं। मैं जिम्मेदारी से कहता हूं कि कोई भी अवैध घुसपैठिया वोट न डाले, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन भाजपा बताए कि पिछले 11 साल में केंद्र की मोदी सरकार ने कितने घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला? संसद में बार-बार पूछने पर भी जवाब नहीं दिया जाता।

**छत्तीसगढ़ में आदिवासियों-दलितों के नाम काटने की साजिश:** छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा, यहां के कोने-कोने में रहने वाले दलित, आदिवासी, गरीब और अशिक्षित लोग घुसपैठिए हैं क्या? महंगाई के इस दौर में जिन्हें दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से मिल रही है, क्या उनके पास कलेक्टर के चक्कर लगाकर दस्तावेज जुटाने का समय है? कांग्रेस पार्टी इन लोगों के मौलिक मताधिकार की रक्षा के लिए मैदान में खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक चरणदास महंत का नाम भी उनके गांव की वोटर लिस्ट से गायब है। कई जगह बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) इतने दबाव में हैं कि आत्महत्या कर रहे हैं। पायलट ने चेतावनी दी, छत्तीसगढ़ में आदिवासी बहुल इलाकों में सुनियोजित तरीके से नाम काटे जा रहे हैं। हम इसकी कड़ी निगरानी कर रहे हैं और आदिवासियों का नाम कटने नहीं देंगे।

**कोर्ट भी जा रहे, सड़क पर भी लड़ेंगे:** एक सवाल कि कांग्रेस अदालत क्यों नहीं जा रही, पर पायलट ने कहा, चुनाव आयोग को संविधान ने स्वतंत्र अधिकार दिए हैं, सुप्रीम कोर्ट भी उसके काम में दखल नहीं दे सकता। फिर भी हम कोर्ट जा रहे हैं, कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। साथ ही जमीन पर भी हमारे कार्यकर्ता एसआईआर की हर गड़बड़ी को उजागर करते रहेंगे।÷ अंत में सचिन पायलट ने कहा, भारत का लोकतंत्र और हमारी चुनाव प्रणाली दुनिया के लिए मिसाल है।

## समाचार संक्षेप

### 2 लाख रुपए के गांजा समेत एक गिरफ्तार



**जगदलपुर 28 नवंबर।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नगरनार थाना पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को बस का इंतजार करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से 4.259 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 2,12,950 रुपये आंकी गई है। पुलिस को 27 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास एक व्यक्ति अपने ग्रे-लाल रंग के पीठू बैग में गांजा लेकर उड़ीसा से रायपुर जाने वाली बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रविन्द्र बेहरा (36), निवासी भवानी नगर, थाना कोरापुट, जिला कोरापुट, उड़ीसा बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से तीन पैकेट में भरा कुल 4.259 किलोग्राम गांजा मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। आरोपी यह गांजा कोरापुट से रायपुर ले जा रहा था। धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है।

### चार नक्सली स्मारकों को पुलिस ने किया ध्वस्त



**बीजापुर 28 नवंबर।** आतंक के प्रतीक बने स्मारकों को उखाड़ फेंकने के लिए गुरुवार को बासागुड़ा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ा अभियान चलाया। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में घने जंगलों में बने कुल 4 नक्सली स्मारक ध्वस्त कर दिए गए। सूत्रों के अनुसार, ग्राम गुदूम के जंगलों में नक्सलियों द्वारा बनाए गए 3 स्मारक पूरी तरह तोड़ दिए गए। इसी अभियान के तहत ग्राम नेण्ड्रा के जंगल में स्थित एक अन्य नक्सल स्मारक को भी जमींदोज किया गया। पुलिस के - मुताबिक, इनका इस्तेमाल नक्सल संगठन अपने प्रचार के लिए करते थे।

### पीएमश्री सेजेस माकड़ी में अनुपस्थित 6 शिक्षकों को शो-काज नोटिस, वेतन कटौती के निर्देश



**जगदलपुर, 28 नवंबर।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर जगदलपुर एचआर सोम ने गत दिवस कोंडागांव जिले में पीएमश्री सेजेस माकड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया और कर्तव्य से अनुपस्थित 6 शिक्षकों का एक दिवस का वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। उन्होंने बगैर पूर्व सूचना के कार्य से अनुपस्थित शिक्षकों को शो-काज नोटिस जारी कर सम्बंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने कहा । जेडी एजुकेशन श्री सोम द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय माकड़ी का निरीक्षण कर प्रार्थना में भी सहभागिता की गई । उन्होंने प्रार्थना स्थल पर सभी छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से उपस्थित रहने, अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रोत्साहित किया, साथ ही कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के एक-एक कालखण्ड का अध्यापन कार्य किया। जेडी एजुकेशन एचआर सोम ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के बोर्ड परीक्षा 2025 की समय-सारणी से अवगत कराते हुए परीक्षा की नियमित तैयारी, उत्तर कैसे लिखा जाये बोर्ड परीक्षा के दौरान तनावमुक्त कैसे रहा जाए तथा परीक्षा में अधिक से अधिक अंक किस तरह लाया जा सकता है, इन बिंदुओं पर छात्र-छात्राओं से सार्थक संवाद किया । इस निरीक्षण के दौरान पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय माकडी में कुल दर्ज 590 विद्यार्थियों में से 493 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार मिडिल स्कूल स्तर पर कुल दर्ज 53 विद्यार्थियों में से 46 विद्यार्थी उपस्थित थे । प्राचार्य सहित प्रधान अध्यापक और अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति एवं ठहराव हेतु किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि कर अच्छे परीक्षा परिणाम लाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया । वहीं माध्यमिक शाला के बच्चों को न्यौता भोज से लाभान्वित करने पर जोर देते हुए ग्राम पंचायत सहित स्थानीय प्रमुख व्यक्तियों तथा मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से न्यौता भोज का आयोजन किए जाने कहा गया।

# वन विभाग की टीम ने लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए दो वाहन किए जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 28 नवम्बर।** वन मंडलाधिकारी रायगढ़ के निर्देश पर बीती रात वन विभाग की टीम ने लकड़ी के अवैध परिवहन के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई की। रायगढ़ परिक्षेत्र के परिसर रेंगालपाली ग्राम-कोड़ातराई में गश्त के दौरान सायं 4.15 बजे टाटा माजदा वाहन क्रमांक सीजी-12-एस-4267 को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया।

वाहन की तलाशी में 05 जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सरसिवा, नीम, रियां एवं जामून एवं उसी रात्रि लगभग 8.30 बजे काशीराम चौक और छातामुड़ा चौक के बीच वाहन सोनालिका टेऊक्टर में 5 जलाऊ चट्टा जब्त किया गया। वन विभाग द्वारा पूछताछ और मौके पर उपलब्ध दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि लकड़ी के परिवहन के लिए कोई वैध अनुमति नहीं थी। मामले पर अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में उप वनमंडलाधिकारी रायगढ़ श्री एम.एम.मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री संजय लकड़ा, परिक्षेत्र सहायक श्री शरद बेक, ऋषिकेश्वर सिंह सिदार, सत्यम प्रधान, रुद्रकुमार मैत्री मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# अवैध धान परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने सतत मॉनिटरिंग की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर सभी अंतर्राज्यीय एवं आंतरिक सीमाओं पर बनाये गए 25 चेकपोस्ट पर चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। भुईंयापाली, बेलरिया, लारा, रेंगालपाली, एकताल, जमुना, तोलमा, हाड़ीपानी, लमडांड, हमीरपुर, हाटी, गोलाबुड़ा, फतेपुर, केशरचुंवा, टांगरघाट, बिजना, बरकछार, उर्दना, बोईरदादर, पलगड़ा, भालूनारा, बाकारुमा, ऐडू एवं रीलो सहित कुल 25 चेकपोस्ट पर टीमें तैनात कर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की गई है। अनुविभागीय स्तर पर भी विशेष निगरानी दल सक्रिय हैं। कलेक्टर ने



स्पष्ट कहा है कि अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से सुचारु रुप से संचालित हो रहा धान खरीदी कार्यजिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। शासन के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केन्द्रों में चेक लिस्ट के अनुरुप मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। 105 उपार्जन केन्द्रों में से 15 केंद्रों को संवेदनशील और 4 केंद्रों को अति-संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। धान खरीदी से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर दर्ज कराए जा सकते हैं। इसके साथ ही जिले में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा कॉल सेंटर का गठन किया गया है, जो धान की रीसाइक्लिंग पर रोक, कोचियों-बिचौलियों की गतिविधियों की निगरानी और धान के उठाव एवं परिवहन की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रहा है। शासन के नीति के अनुरूप जिले में सुगम एवं पारदर्शी धान खरीदी के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जिला स्तरीय जांच कमेटी गठित की गई हैं। जांच कमेटी में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, जिला विपणन अधिकारी कु.जान्हवी जिलहरे, उप आयुक्त सहकारिता श्री व्यास नारायण साहू, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सी आदि नारायण एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री एस.पी.सिंह शामिल है।

## एक नजर

### टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड 30 नवम्बर तक

**धमतरी, 28 नवम्बर ।** युवाओं और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड धमतरी का आयोजन 28, 29 और 30 नवम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विकासगढ़ एवं छत्तीसगढ़ बिज़नेस मॉड्स फोसी के सहयोग से आयोजित होगा। तीन दिवसीय यह आयोजन उन प्रतिभागियों को मंच प्रदान करेगा जो किसी विचार को परिष्कृत कर उसे सफल स्टार्टअप के रूप में विकसित करना चाहते हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को 54 घंटे तक लगातार कार्य कर अपने आइडिया को स्टार्टअप मॉडल में बदलने, बीचहेड मार्केट पहचानने तथा उसे वैश्विक स्तर पर स्केल करने की तैयारी कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 10 से अधिक निवेशक, 20 से अधिक अनुभवी मेंटर्स, 50 संभावित स्टार्टअप टीम तथा 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इससे युवाओं, छात्रों, स्टार्टअप फाउंडर्स और प्रोफेशनल्स को व्यापक मार्गदर्शन व नेटवर्किंग का अवसर मिलेगा।

### प्रधान एवं उप डाकघर रायगढ़ में आधार एनरोलमेंट और अपडेट सेवाएं उपलब्ध

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** भारतीय डाक विभाग, रायगढ़ संभाग के अंतर्गत प्रधान डाकघर रायगढ़ एवं उप डाकघर रायगढ़ सदर बाजार में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेट संबंधी सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। यहाँ आम नागरिक नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं तथा पुराने आधार में आवश्यक सुधार जैसे-पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि करवा सकते हैं। बच्चों के लिए 5 वर्ष तथा 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य होता है। इस हेतु डाक विभाग में बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क किया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं तथा अपने बच्चों का आधार एनरोलमेंट एवं अपडेट समय पर अवश्य कराएँ।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 8 दिसम्बर तक

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्र चुहकीपारा ग्रा.पं. नावापारा में ऑगनबाड़ी सहायिका के 1 पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर प्राविधिक एवं अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा-आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में 8 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### प्रमुख मार्गों पर हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे सक्रिय नियम उल्लंघन पर होगी स्वचालि कार्रवाई

**धमतरी 28 नवंबर ।** जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य चौराहों पर अत्याधुनिक एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। ये कैमरे 24म7 निगरानी करते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता, गाड़ी की फिटनेस, एसआरटी नंबर प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन का स्वतः पता लगाएंगे।

प्राप्त डेटा के आधार पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध स्वचालित ऑनलाइन चालान जारी किए जाएंगे। जिला परिवहन अधिकारी श्री मुजाहिद खान ने कहा कि आधुनिक तकनीक से यातायात अनुशासन को और मजबूत किया जाएगा तथा सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### श्रम पंजीयन शिविर 1 से 30 दिसम्बर तक

**धमतरी 28 नवंबर ।** श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में आगामी एक से 30 दिसम्बर तक श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि यह शिविर निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी शिविर स्थल पर लगाई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 1 दिसंबर को धमतरी ब्लॉक के गागरा, 2 दिसंबर को कुरूद के उमरदा, 3 दिसंबर को नगर पंचायत मगरलोड और 4 दिसंबर को नगरी ब्लॉक के गोदाम निर्माण कार्य हरदीभाठा तालाब के पास नगरी में शिविर लगाया जाएगा।

### किसानों के खेतों से उपार्जन केंद्र तक उम्मीदों की यात्रा

# किसान बिना दिक्कत धान की बिक्री कर रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 28 नवंबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में इस बार धमतरी जिले के उपार्जन केंद्र किसी उत्सव स्थल से कम नहीं दिख रहे। सुबह-सुबह जैसे ही धान से भरी गाड़ियाँ केंद्रों की ओर बढ़ती हैं, हवा में मिट्टी की सौंधी महक और किसानों के चेहरों पर झलकता विश्वास-दोनों मिलकर एक अलग ही माहौल रच देते हैं। 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी ने जिले में मानो रौनक ला दी है। सुव्यवस्थित प्रबंधन, ऑनलाइन टोकन की सुविधा और समर्थन मूल्य पर खरीद इन सब ने किसानों को राहत के साथ नई ऊर्जा दी है।



इस मौसम की खास बात यह है कि कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रुपये प्रति क्विंटल का मूल्य मिलने से किसानों की खुशी दोगुनी हो चली है। खेतों में सालभर की मेहनत जब उचित दाम में बदलती है, तो किसान का मन भी फसल जितना ही भरपूर हो उठता है। कुछ यही अनुभव ग्राम अछोटा के किसान श्री लेखराम देवांगन का भी रहा। आज जब वे 80.40 क्विंटल धान लेकर केंद्र पहुंचे, तो चेहरे पर संतोष साफ झलक रहा था लेखराम बताते हैं किसानी जीवन आसान नहीं, पर जब व्यवस्था साथ दे तो राहें सरल हो जाती हैं। पिछले वर्ष धान बिक्री से मिली राशि और कुछ जामापूंजी से उन्होंने नया ट्रैक्टर खरीदा। अब न सिर्फ खेती में तेजी आई, बल्कि कृषि संबंधी ऋण भी उसी आय से चुका पाए। बोरवेल के भरोसे सिंचाई सुचारू है और सहकारी समिति से खाद-बीज समय पर मिलने से उन्हें खेती पर पूरा ध्यान देने का अवसर मिलता है। सरकार की नीतियों से मिले इस सहारे पर वे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार भी जताते हैं। उनका कहना है कि प्रशासन ने इस बार पूरी तैयारी के साथ खरीदी प्रक्रिया को इतना सरल बनाया है कि किसान बिना दिक्कत अपने धान की बिक्री कर पा रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में इस वर्ष कुछ नई तस्वीरें देखने को मिल रही हैं-सटीक तौल के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीनें, पर्याप्त बारदाना, पेयजल की व्यवस्था, प्रतीक्षारत किसानों के लिए छांव, और बायोमैट्रिक सत्यापन जैसी सुविधाएँ। 'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल ऐप ने भी किसानों को लाइन में खड़े रहने की चिंता से मुक्त कर दिया है। जिले के सभी केंद्रों में मोटा, पतला और सरना किस्म के धान की खरीदी सुचारू रूप से चालू है। दर सूची भी केंद्रों में प्रदर्शित है ताकि हर किसान को पूरी पारदर्शिता के साथ जानकारी मिल सके। धान के दानों से भरे बोरों की कतारें, व्यवस्थाओं को सराहते किसान और प्रशासन की तत्परता-इन सबके बीच इस बार की खरीदी सिर्फ आर्थिक लेन-देन नहीं, बल्कि किसानों की उम्मीदों, मेहनत और खुशी से सजी एक प्यारी-सी कहानी बन गई है।

# रोजगार से जोड़ने के लिए 8 महिलाओं को 12 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे सामूहिक रूप से अपने उद्यम को सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकें।

इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना के तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने 8 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु कुल 12 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से महिला समूहों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे वे अपने व्यवसाय को मजबूत कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यह पहल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के संसाधनों को भी बढ़ावा देने का कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास द्वारा सक्षम योजनान्तर्गत विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा एवं 35 वर्ष से 45 वर्ष आयु के अविवाहित महिलाओं एवं तृतीय लिंग के हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ने हेतु 2 लाख रुपए तक की ऋण राशि सालाना 3 प्रतिशत ब्याज पर स्वीकृत की जाती है।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 7 दिसंबर को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 7 दिसम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। परीक्षा अवधि 3 घंटे रहेगी और परीक्षा में उल्लास साक्षरता केन्द्र में अध्ययनरत शिक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री मयंक चतुर्वेदी ने जनपद सीईओ और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंजीकरण के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित ग्राम पंचायत या वार्ड के नजदीक स्थित शासकीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया जाए। यदि किसी स्थान पर शिक्षार्थियों की संख्या कम भी हो, तब भी नजदीकी शासकीय स्कूल को ही परीक्षा केंद्र रखा जाए, ताकि शिक्षार्थियों को अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र और समय की जानकारी विभिन्न माध्यमों से अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और बैठने हेतु टेबल-कुर्सी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा तिथि से तीन दिवस पूर्व ग्राम और वार्ड प्रभारी स्वयंसेवी शिक्षकों की सहायता से सभी पंजीकृत शिक्षार्थियों के घर-घर जाकर शिक्षार्थी पर्ची का वितरण करें। इस पर्ची में शिक्षार्थी का नाम, नामांकन क्रमांक, परीक्षा की तिथि, समय और परीक्षा केंद्र का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। परीक्षा अवधि 3 घंटे की होगी और प्रश्नपत्र में पढ़ना, लिखना तथा गणित तीनों भाग शामिल रहेंगे। प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा ।

# खाद्य विभाग, मंडी प्रबंधन की टीम ने 2668 कट्टा धान जब्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 28 नवम्बर।** ।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग तथा मंडी प्रबंधन की संयुक्त टीमों द्वारा आज एवं बीती रात विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई के दौरान कुल 2668 कट्टा धान जब्त किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्राम खेमड़ा में उत्तर सिंह, खिलावन और पुनीत राम, पिता शोभा राम धृतलहरे के घर एवं तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में कुल 575 कट्टा धान' पाए गए। पूछताछ में उत्तर सिंह द्वारा 198 क्विंटल धान उड़ीसा से लाने की बात स्वीकार की गई। राजस्व विभाग एवं मंडी टीम ने तत्काल धान को जप्त कर मंडी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया। इसी तरह खाद्य विभाग, सहकारिता एवं मंडी की संयुक्त टीम ने बीके बाहरा मेन रोड के पास दो गाड़ियों में भरकर ले जाए जा रहे 180 कट्टा धान पकड़ा। मंडी अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए धान को जब्त किया गया।महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम शेर में अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए 107 कट्टा धान को जब्त कर मंडी के सुपुर्द किया। इसी क्रम में आज ग्राम ठाकुरपाली में निरीक्षण के दौरान 225 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे नियमानुसार जब्त कर लिया गया है।इसी तरह बसना विकासखण्ड अंतर्गत एसडीएम हरिशंकर पैकरा एवं तहसीलदार श्री कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग स्थानां से अवैध धान 248 कट्टा, 80 कट्टा, 251 एवं 60 कट्टा कुल 639 कट्टा धान की जब्ती की कार्यवाही मंडी अधिनियम के तहत की गई। इसी तरह टीम द्वारा ग्राम जामनीडीह में 242 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया है। वहीं विकासखण्ड सरायपाली में तहसीलदार सरायपाली श्रीधर पंडा एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम सिंगबहाल में प्रेम साहू के गोदाम में अवैध रूप से खुले में लगभग 700 कट्टा धान पाया गया जिसे राजस्व टीम द्वारा जब्ती कर थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर ने सभी जप्त किए गए धान को थाना के सुपुर्द करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अभी तक राज्य में सर्वाधिक धान महासमुंद जिले में ही जप्त किया गया है। उन्होंने अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त टीम द्वारा नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं और नियम विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 1 दिसंबर से कलेक्ट्रेट में बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** जिला कार्यालय संयुक्त भवन रायगढ़ कलेक्टोरेट में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 1 दिसंबर, सोमवार से उपस्थिति दर्ज करने की नई बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होने जा रही है। अब सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय परिसर के प्रवेश द्वार पर स्थापित बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से अंगूठे व चेहरे की पहचान से उपस्थिति दर्ज करेंगे।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने न केवल संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में बल्कि इसके बाहर संचालित होने वाले अन्य शासकीय विभागों में भी बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपस्थिति प्रणाली को पारदर्शी, व्यवस्थित और समय पालनयुक्त बनाने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी विभाग अपने कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें।

कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में संचालित 15 विभागों के प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक के सभी कर्मचारियों की संपूर्ण जानकारी 28 नवम्बर शुक्रवार शाम तक उपलब्ध कराएँ, ताकि बायोमेट्रिक प्रणाली में सभी का डेटा सटीक रूप से दर्ज किया जा सके। प्रत्येक कर्मचारी को कार्यालय में प्रवेश करते समय और कार्यालयीन अवधि समाप्त होने पर लौटते समय बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा।बायोमेट्रिक हाजिरी प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक दर्ज की जाएगी। इस अवधि में आगमन एवं प्रस्थान दोनों समय उपस्थिति दर्ज न करने की स्थिति में अनुपस्थिति मानी जाएगी। इस नई व्यवस्था से न सिर्फ उपस्थिति सुव्यवस्थित होगी बल्कि समयबद्धता, जिम्मेदारी और कार्य संस्कृति में भी उल्लेखनीय सुधार आएगी। बायोमेट्रिक डिवाइस की स्थापना, डेटा प्रविष्टि तथा संपूर्ण प्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो को सौंपी गई है। कलेक्टर ने सभी विभागों को बायोमेट्रिक डिवाइस में कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक डेटाबेस जानकारी निर्धारित प्रारूप में वित्त शाखा में जमा कराएं।

### सभी पात्र किसान समय-सीमा में करें एग्रीस्टैक पंजीयन

**धमतरी, 28 नवंबर।** कृषि विभाग ने बताया है कि एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया आगामी 30 नवंबर 2025 तक खुली हुई है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सभी पात्र कृषकों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराएं तथा इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए विशेष अभियान चलाकर सुनिश्चित करें किसानों के लिए पंजीयन की सुविधा छ्स्प्ट (लोक सेवा केंद्र), तहसीलदार की आईडी तथा स्वयं ऑनलाइन पंजीयन के रूप में उपलब्ध है। जिले में स्र्न्नतथा डुबान से संबंधित कार्य फिलहाल स्थगित रहेंगे, जिनकी सूचना बाद में पृथक रूप से जारी की जाएगी। निर्धारित अवधि के उपरांत यदि किसी किसान का पंजीयन छूट जाता है।

# बुजुर्ग किसान मुन्ना सिंह ने उपार्जन केंद्र में बेहतर धान खरीदी व्यवस्था की तारीफ की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 28 नवंबर ।** जिले के ग्राम एकटकन्हर निवासी बुजुर्ग किसान श्री मुन्ना सिंह के पास 2 एकड़ जमीन है, जहां वो मेहनत से धान की खेती करते हैं। इस बार उनकी फसल अच्छी हुई, फसल को विक्रय करने के लिए उपार्जन केंद्र पहुंचे। उपार्जन केंद्र के बेहतर व्यवस्था की उन्होंने सराहना की। किसान श्री मुन्ना सिंह ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया इस बार बहुत सरल और व्यवस्थित हैं। उन्होंने सबसे पहले धान उपार्जन केंद्र में टोकन कटवाया और फिर बड़ी आसानी से 48 कट्टा धान विक्रय किया। उन्होंने कहा कि शासन की खरीदी व्यवस्था ने किसानों के लिए एक नया मार्ग खोला है। जिससे न सिर्फ किसानों को अपनी फसल का सही मूल्य मिल रहा है, बल्कि यह पूरी प्रक्रिया बहुत पारदर्शी और बिना किसी कठिनाई के हो रही है। उन्होंने ने खास तौर पर धान उपार्जन केंद्र की सुविधाओं की सराहना की। पर्याप्त बारदाना, सही समय में तौल और कर्मचारियों के सहयोग से धान विक्रय कार्य बड़ी आसानी से हो गया। मुन्ना सिंह ने कहा कि धान विक्रय से प्राप्त राशि



का उपयोग वे अपने जीवन के सबसे बड़े सपने को पूरा करने में करेंगे। उन्होंने बताया कि इस राशि से वे अपने परिवार के लिए घर का निर्माण करवाएंगे, ताकि परिवार का भविष्य सुरक्षित हो सके।

### ठंड और शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**मोहला 28 नवंबर ।** जिले में बढ़ती ठंड और शीतलहर की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन की स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने बताया कि तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है ।

# कलेक्टर ने पिथौरा के 4 उपार्जन केन्द्रों का किया सघन निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 28 नवंबर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक कृषि एवं साख समिति सोनासिल्ली, परसवानी, सांकरा और सुखीपाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाए गए धान की मात्रा, धान का उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों द्वारा आज जारी टोकन के विरुद्ध लाई गई धान की आवक में नमी की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नमी परीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने केंद्र में 100 प्रतिशत गेट पास एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आज की तिथि तक खरीदे गए धान की कुल मात्रा तथा उसके अनुरूप जारी किए गए बारदाने का भौतिक सत्यापन भी कराया गया।



समितियों में पहुंचं किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में कैरीफ़ारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन के लिए अतिरिक्त समय 30 नवम्बर 2025 तक बढ़ाया गया है। अब समस्त समितियों के समिति लॉगिन के माध्यम से पात्र कृषकों का पंजीयन हो सकेगा। साथ ही उन्होंने किसानों को समझाईश देते हुए कहा कि एग्रीस्टेक एप के माध्यम से जिन किसानों का पंजीयन हुआ है। उनका धान खरीदा जाएगा। एप के माध्यम से जिन किसानों के रकबा एंट्री, वारिसान पंजीयन में त्रुटि हुआ है उनका सत्यापन भी जारी है। पीवी एप से संबंधित सत्यापन का कार्य जारी है। इसलिए किसान यदि पंजीकृत है, तो उनका धान खरीदा जाएगा। ग्राम सुखीपाली में निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश उप पंजीयक सहकारी संस्था को दिए गए।

निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी केंद्र में स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने हेतु छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन आदि का जायजा लिया। साथ ही उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं भी देखी। इसके अलावा कलेक्टर ने प्राधिकृत अधिकारी को पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध कराने, प्रतिदिन खरीदी गई मात्रा का नियमित स्टैकिंग करने तथा प्रत्येक बोरे पर अनिवार्य रूप से स्टेंसिल लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी कार्य सुचारू, पारदर्शी और किसानों के हित में संचालित हो, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में सतत निगरानी रखते हुए धान खरीदी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा श्री बजरंग वर्मा, संबंधित तहसीलदार, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आज 11वां दिन हैं। जिले के सभी 82 उपार्जन केन्द्रों में आज धान खरीदी की गई है। जिसमें 7 लाख 44 हजार 115 क्विंटल धान आज दिनांक तक खरीदी की गई है।

## एक नजर

### सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की

**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं प्रगति लाने के लिए जिला अधिकारियों, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास चौपाल कराने तथा सभी हितग्राहियों, राजमिस्त्रियों और वेंडरो को बुलाकर उन्मुखीकरण एवं आवास को जल्द प्रारंभ कराकर समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जिला अधिकारी, जिला पंचायत के अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सर्व-संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो: कलेक्टर

**बालोद, 28 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र कुरदी, परसतराई, अर्जुंदा, ओड़ारसकरी एवं गब्दी में पहुँचकर वहाँ चल रहे धान खरीदी के कार्य सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री हेतु पहुँचे किसानों से धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों, समिति प्रबंधकों तथा निगरानी दल में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में केवल साफ-सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों, निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे धान खरीदी केन्द्र में अनिवार्य रूप से संपूर्ण व्यवस्था की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री आरके राठिया, जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसीराम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने अधिकारियों के साथ धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा किसानों द्वारा लाए गए धान का तौलाई के उपरांत नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान का आर्द्रता परीक्षण भी किया गया। कलेक्टर ने किसानों को केवल साफ-सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान को ही बिक्री हेतु खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाईश दी। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक जारी किए गए टोकन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को केवल ऑनलाईन टोकन ही जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल विशेष परिस्थिति में अति वृद्ध, निरक्षर एवं किसानों के पास स्मार्ट फोन उपलब्ध नही होने पर ही आवश्यकता अनुसार उनका ऑफलाईन टोकन जारी किया जाए।




**भाटापारा 28 नवंबर।** छ.ग. शासन की श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्री रामलला के दर्शन के लिए तीर्थयात्री रवाना हुए जनपद पंचायत के पंचायत इंसपेक्टर सनत ध्रुव ने तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तीर्थयात्री रायपुर से स्पेशल ट्रेन से अयोध्या जायेंगे भाटापारा से श्री राम लाल दर्शन हेतु तीर्थयात्री ग्रामीण से 23 एवं शहर से पांच कुल 28 तीर्थयात्री दर्शन हेतु गये हैं।

# गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भाटापारा 28 नवंबर।** हिंद की चादर, श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के पावन अवसर पर अमरजीत सिंह छाबड़ा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग, रायपुर के द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में एक प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गुरुओं द्वारा हिंदू धर्म की रक्षा हेतु दिए गए बलिदानों की जानकारी युवा पीढ़ी तक पहुँचाना तथा उनमें संस्कार, साहस, बलिदान और इतिहास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

बलौदाबाजार जिले में कार्यक्रम का नेतृत्व की जिम्मेदारी बलवंत सिंह सलूजा, अमरजीत सिंह सलूजा, राजा गुंबर, हर भगवान गुंबर, बबलू चावला, बयेन्त सिंह खालसा सहित अन्य प्रमुख समाजसेवियों को सौंपी गई है, जो इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



इस प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता की शुरुआत भाटापारा से की गई, जहाँ कार्यक्रम का आयोजन गुरु कुल स्कूल, तरेंगा रोड में हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने भी इस आयोजन में विशेष रुचि दिखाई। विद्यालय प्रबंधन ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी जैसे महापुरुषों के बलिदान के कारण ही आज हम अपने धर्म और संस्कृति में सुरक्षित अनुभव करते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति द्वारा सभी , गुरुकुल स्कूल के डायरेक्टर राम रतन मुधंडा ,प्रिंसपल , शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी गणमान्य नागरिकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायक एवं संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### ग्राम अंजोरा का पानी लैब जांच के बाद पाया गया साफ

**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा में विगत दिवस गंदा पानी की शिकायत प्राप्त होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों के समक्ष ग्राम के पाईप लाईन का निरीक्षण किया गया। जल जीवन मिशन के पूर्व से बिछाई गई पाईप लाईन में लिकेज की समस्या पायी गई। पूर्व की नल जल योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित है। पाईप लाईन के मरम्मत का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कर दिया गया है। लिकेज मरम्मत पश्चात पानी जांच हेतु सेम्पल श्रीमती किर्ती ईश्वर साहू, श्री केवलराम साहू एवं श्री बिरेन्द्र साहू के घर का पानी सेम्पल प्राप्त कर लैब जांच किया गया। जांच पश्चात पानी साफपाया गया है।

#### कौशल विकास मंत्री पौधारोपण, सांस्कृतिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

# हमारी सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित व उज्जवल करने की दिशा में अग्रसर: गुरु खुशवंत

**बलौदाबाजार, 28 नवंबर।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब गुरुवार को पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में आयोजित वृक्षारोपण, सांस्कृतिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय प्रांगण में आम के पौधे का रोपण किया। इसके साथ ही कसडोल विधायक संदीप साहु, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय एक उत्कृष्ट संस्था है जहां से पढ़कर विद्यार्थी उच्च पदों पर पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के मुताबिक पीएम श्री स्कूल को तकनीक से लैस किया जा रहा है। सभी कक्षाएं स्मार्ट क्लास रूम में परिवर्ति हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश के युवाओ के भविष्य को सुरक्षित और उज्जवल बनाने का काम कर रही है। इसके साथ ही सरकारी नौकरी के द्वार भी खोल रही है। प्रतियोगी परीक्षा में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रतिभावान और मेहनती युवाओं का चयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की मांग पर ड्रेनेज़ सिस्टम एवं खेल मैदान समतलीकरण के लिये जिला प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।




विधायक संदीप साहु ने जवाहर नवोदय विद्यालय के स्थापना के उद्देश्यों और अब तक की सफर पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षित और एक अच्छे नागरिक के रूप में देश की सेवा करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा शैक्षणिक, खेल एवं कला उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र - छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ,इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मोहन बंजारे, डी एफओ गणवीर धम्मशील, सरपंच किरण घृतलहरे, प्राचार्य बी गिरिजा सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जिले में धान की खरीदी से किसानों में उत्साह एवं खुशी

**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** जिले में धान की खरीदी उत्सव के लिए किसानों में उत्साह एवं खुशी है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 13784 पंजीकृत किसानों से 165 करोड़ 77 लाख 26 हजार रूपए मूल्य का 697384 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे आचार्य रत्नसुंदर सूरिश्वर की 500वीं पुस्तक का लोकार्पण

**रायपुर 28 नवंबर।** मुंबई के मुलुंड स्थित रिचड्र्स एंड क्रुड्डास जम्बो फैसिलिटी सेंटर में 7 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले ऊर्जा महोत्सव में पद्मभूषण आचार्य रत्नसुंदरसूरिश्वरजी महाराज साहेब की 500वीं पुस्तक ÷प्रेमनु विश्व, विश्वनो प्रेम÷ का लोकार्पण होगा। यह ऐतिहासिक विमोचन 11 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पिछले 50 वर्षों से समाज में नैतिकता और सकारात्मकता का संदेश दे रहे आचार्यश्री अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रवचनकार हैं। फैमिली, स्ट्रेस मैनेजमेंट और पॉजिटिविटी पर 500 ग्रंथ लिखकर उन्होंने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। कार्यक्रम में देश के कई प्रमुख नेताओं की उपस्थिति की संभावना है।



पिछले 50 वर्षों से समाज को जागृत कर रहे पद्मभूषण आचार्य रत्नसुंदरसूरिश्वरजी महाराज विश्वविख्यात प्रवचनकार हैं। उनके प्रवचनों से लाखों युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने लोगों को नैतिकता, संस्कार, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और व्यसनों से मुक्ति पाने की प्रेरणा दी है। आचार्यश्री ने फैमिली, स्ट्रेस मैनेजमेंट, पॉजिटिविटी और ह्यूमैनिटी जैसे विषयों पर 500 पुस्तकें लिखकर अनोखा कीर्तिमान बनाया है, जिसके लिए उन्हें दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड मिले हैं। उनका संदेश है राष्ट्र को नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक एकता से जोड़ना।

उनके तेजस्वी व्यक्तित्व से प्रभावित होकर मोहन भागवत, अमित शाह, राजनाथ सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और भूपेंद्र यादव सहित कई राष्ट्रीय नेता उनसे आशीर्वाद लेने आते हैं। ऊर्जा महोत्सव जैन समाज और मानवता के लिए आध्यात्मिकता, संस्कृति और साहित्य का एक भव्य संगम साबित होगा।

# अब तक 101 प्रकरणों में 4.54 करोड़ रुपए मूल्य के 14663.86 क्विंटल अवैध धान एवं 7 वाहन जब्त

**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 18 प्रकरणों में 48 लाख 69 हजार 46 रूपए मूल्य के 1570.66 क्विंटल (3927 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 101 प्रकरणों में 4 करोड़ 54 लाख 57 हजार 966 रूपए मूल्य के 14663.86 क्विंटल (36660 बोरा) अवैध धान एवं 7 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 8 प्रकरण में 30 लाख 78 हजार 920 रूपए मूल्य के 993.20 क्विंटल (2483 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 3 प्रकरणों में 5 लाख 35 हजार 246 रूपए मूल्य के 172.66 क्विंटल (432 बोरा) एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 7 प्रकरणों में 12 लाख 54 हजार 880 रूपए मूल्य के 404.80 क्विंटल (1012 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 40 प्रकरणों में 2 करोड़ 58 लाख 80 हजार 40 रूपए मूल्य के 8348.40 क्विंटल (20871 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन , डोंगरगढ़ अनुविभाग में 31 प्रकरण में 91 लाख 37 हजार 746 रूपए मूल्य के 2947.66 क्विंटल (7369 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 30 प्रकरणों में 1 करोड़ 4 लाख 40 हजार 180 रूपए मूल्य के 3367.80 क्विंटल (8420 बोरा) अवैध धान एवं 3 वाहन जप्त किया गया है।जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

# राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का किया निरीक्षण

**बालोद,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर अद्यतन कार्यों का जायजा लिया।

वनमण्डलाधिकारी, दुर्ग दीपेश कपिल (आईएफएस), दुर्ग वृत डिप्टी एमडी, बालोद जिले के डिप्टी एमडी, दुर्ग रेंजर आदि भी साथ मौजूद थे। लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु लगभग 23 करोड़ की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया गया है।

उपाध्यक्ष शर्मा ने इन इकाई में प्रसंस्करण होने वाले उत्पाद की जानकारी ली। यहां आंवला, बेल और जामुन से विभिन्न उत्पाद पूरी शुद्धता के साथ तैयार किए जा रहे हैं। गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, प्रसंस्करण पश्चात वितरण आदि की भी जानकारी ली।



उन्होंने प्रसंस्करण संयंत्र एवं आंवला, बेल और जामुन जैसे वनोपज से जूस, कैंडी, लच्छा, मुरब्बा सहित अन्य तैयार हर्बल उत्पाद का अवलोकन भी किया। शर्मा ने बताया, छत्तीसगढ़ का वनोपज पूरी दुनिया तक पहुंचे इस उद्देश्य से इस इकाई की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 प्रकार के वनोपज का संग्रहण किया जाता है और वनोपज संग्रहण से जुड़े 13 लाख 40 हजार वनवासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि, ग्रामीण संग्राहकों को वनोपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हो और नियमित आय के नए स्रोत बने ये विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता है। यह संपूर्ण व्यवस्था न केवल वनोपज की मूल्यवृद्धि को बढ़ा रही है, बल्कि महिलाओं, संग्राहकों और ग्रामीण परिवारों के लिए स्थायी रोजगार और आर्थिक मजबूती का माध्यम बन रही है।

### कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी में मनाया गया संविधान दिवस

**राजनांदगांव 28 नवम्बर ।** कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी में 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित कृषकों के साथ संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने साथ में संविधान शपथ का वाचन किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी डॉ. गुंजन झा ने सभी को संविधान की शपथ दिलाते हुए मौलिक कर्त्तव्यों एवं अधिकारों के संबंध में जानकारी दी और संविधान दिवस को फलीभूत करने का आव्हान किया। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, श्रीमती अंजली घृतलहरे, श्री मनीष कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र श्रीवास, श्री आशीष गौरव शुक्ला, श्री जितेंद्र मेश्राम सहित कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### खेल प्रतियोगिता से युवाओं में ऊर्जा, उत्साह का संचार: बृजमोहन अग्रवाल



**तिल्दा नेवरा/ खरोरा 28 नवंबर।** ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत ग्राम परस तराई में आयोजित भव्य खेल प्रतियोगिता में शामिल होने का सुअवसर मिला। आज के इस विशेष आयोजन में रायपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल , धरसीवां विधायक अनुज शर्मा भाजपा रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्याम नारंग जिला पंचायत अध्यक्ष। नवीन अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मति सोनी , तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहे सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और आपसी सौहार्द का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और नए अवसरों का संचार होता है।

### शिवरतन शर्मा ने संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों और उनके महत्व की विस्तृत जानकारी दी

**भाटापारा 28 नवंबर।** शासकीय गोविंद सारंग विधिमहाविद्यालय मे आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम मे भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ,कलेक्टर दीपक सोनी शामिल हुए वही महाविद्यालय के जनभागीदारी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत टंडन ( बंटी ) की विशेष उपस्थिति रही इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने संबोधन में संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्दों – समता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता – के मूल भावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। वहीं शिवरतन शर्मा ने संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों और उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि जनभागीदारी अध्यक्ष लक्ष्मी कांत टंडन (बंटी) एवं नगर पालिका परिषद सभापति कुंजराम कोशले के निरंतर प्रयासों एवं आमंत्रण पर कलेक्टर का महाविद्यालय आगमन संभव हुआ। उनके आग्रह पर महाविद्यालय में बाउंड्री वाल निर्माण, एलएल.एम. स्नातकोत्तर कक्षा प्रारंभ करने, तथा स्वच्छ पेयजल हेतु आर.ओ. एवं वॉटर कूलर स्थापना, कंप्यूटर ऑपरेटर, प्यून की नियुक्ति जैसी बहुप्रतीक्षित मांगों को स्वीकृति प्राप्त हुई। महाविद्याल को प्राप्त हुए विकास कार्यों के एवं सहयोग के लिए जनभागीदारी अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत टंडन (बंटी)व समस्त सदस्यों ने अपने नेता पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया । यह उपलब्धि जनभागीदार अध्यक्ष लक्ष्मी कांत टंडन (बंटी ) के अथक एवं सराहनीय प्रयासों का परिणाम रहा। कार्यक्रम में भाटापारा की एसडीएम श्रीमती श्यामा पटेल , जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता प्रदीप अनंत , भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण पवन वर्मा , शहर मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत , सांसद प्रतिनिधि अधिवक्ता सुरेश यदु , शहर मंडल महामंत्री उमाशंकर वर्मा , महाबल बघेल , मनिंदर सिंह गुम्बर , पार्षद कीर्तन जायसवाल , चंद्रकांत खूंटे जन भागीदारी समिति के सदस्य मुकेश चतुर्वेदी , जय संत कौशल , शिव अनंत , प्रदीप बंजारे , आजाद सिंह कौशल , विजय सोनवानी, और विधायक प्रतिनिधि कृष्णा केशरवानी , तहसीलदार यशवंत राज , जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा , महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीता दीवान , सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।





**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202511142400012/ अ-2/2024-25

साकिन :-भिरौद, प.ह.नं. -04

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक परमानंद पिता रामाधीन, जाति हल्बा, निवासी ग्राम भिरौद, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भिरौद, प.ह.नं. 04, तहसील चारामा में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1060/6 रकबा 0.024 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 03.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 19.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**दावा/आपत्ति**

ईश्तहार सूचना विदित हो कि ग्राम कनेरी कोठीटोला पिनकोड-491557 वर्तमान तहसील लालबहादुर नगर, पूर्व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव का निवासी मृतक गणित कुमार यादव आ. स्व. प्रताप यादव, माता भुरी बाई यादव (उम्र लगभग 24 वर्ष) जाति राऊत, पेशा-मजदूरी की आवारा लावारिस कुत्ते के काटे जाने से हुये रैबीज इन्फेक्शन के कारण दिनांक 01/07/2019 को मेकाहारा हास्पीटल रायपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हुई/जिस दुर्घटना मृत्यु की शासन द्वारा राहत क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि मृतक की माता भूरी बाई यादव को अप्राप्त है उक्त संबंध में ग्राम पंचायत कनेरी कोठीटोला में आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर ग्राम पंचायत बैठक में विचार कर प्रस्ताव किया जाना है उक्त सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रतीक्षा के पश्चात् ग्राम पंचायत द्वारा उचित प्रस्ताव किया जावेगा अतः जिस किसी भी व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था, निकाय को आपत्ति ऊजर हो लिखित में प्रमाण सहित ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत करे।

स्थान........ ग्राम पंचायत कनेरी
दिनांक...... जनपद पंचायत डोंगरगढ़
तहसील-लालबहादुर नगर
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
पिनकोड-491557

## एक नजर

### सुरक्षा सलाहकार डोभाल और आईबी प्रमुख तपन डेका नवा रायपुर पहुंचे

**रायपुर, 28 नवंबर।** नवा रायपुर अटल नगर में आज से तीन दिवसीय डीजी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए गृहमंत्री अमित शाह और भारत सरकार के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल एवं आईबी के डायरेक्टर तपन डेका सहित विभिन्न प्रदेशों के आईजी एवं डीजी पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में तीन दिवसीय डीजी कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि यहां पर आईआईएम के साउंड प्रूफ मीटिंग हॉल में 14 घंटे मीटिंग लेंगे। बैठक में नशा, धर्मांतरण, नक्सलवाद, साइबर क्राईम पर देश की रणनीति तैयार होगी। इस बैठक का शेड्यूल निम्नासार है, इस मीटिंग के मुख्य अतिथि पीएम नरेन्द्र मोदी तथा 28 को होने वाली बैठक के मुख्य अतिथि अमित शाह होंगे। इस अवसर पर 250 पुलिस अधिकारी एवं सभी राज्यों के डीजीपी आईजी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में पहली बार मेजबानी का मौका मिला है। इसमें नक्सलवाद से निपटने के लि मॉडल बनाया जाएगा।

**300 से अधिक सीनियर अफसर पहुंचे नवा रायपुर:** छत्तीसगढ़ में होने वाले डीजी कॉन्फ्रेंस 250 से अधिक सीनियर अफसर शामिल होने जा रहे हैं। इसमें चुनिंदा नवजान एसपी, आईजी को भी बुलाया गया है, वे बैठक में अब्जर्वर करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार हर अफसर को सुबह 6 बजे योगा करना है, साउंड प्रुफ हॉल में बैठक होगी। इस बैठक में विदेशी अफसरों को भी बुलाया गया है। देश को बचाने के लिए अनेक इनपुट लिए जाएंगे। 30 नवंबर को पीएम मोदी पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। पीआईबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोदी 20 से 25 बच्चों से मिलेंगे। मोदी जी का रोड शो कैंसिल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को ही मिलने का समय दिया गया है।

### सुरक्षा और सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 29 को

**रायपुर, 28 नवम्बर।** गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाड़ी रोड़, रायपुर द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हाइब्रिड मोड में डिजिटल आत्मविश्वास, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर अंतःविषयक दृष्टिकोण विषय पर सम्मेलन 29 नवम्बर को महाविद्यालय के गुरुकुल प्रेक्षागृह में आयोजित है। कार्यक्रम वीतराग रिसर्च फाउंडेशन, रायपुर और सांदीपनी अकादमी, अछोटी, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित शिक्षाविद डॉ.ओ.पी.व्यास, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नया रायपुर, विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सोनाली गुहा साइबर फोरेंसिक और कानून विशेषज्ञ होंगे। मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. निशित अग्रवाल, उप पुलिस अधीक्षक (साइबर), रेंज साइबर पुलिस स्टेशन, रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं दुसरे सत्र में डॉ. अमित कुमार, सहायक प्राध्यापक भौतिकी शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज फॉर वुमेन दिल्ली विश्वविद्यालय उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय तिवारी, अध्यक्ष शासी निकाय गुरुकुल महिला महाविद्यालय करेंगे।

### नितिन नबीन ने सीएम से की मुलाकात

**रायपुर, 28 नवंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में बिहार के पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नबीन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने नितिन नवीन का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नन्दी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक किरण देव एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपस्थित थे।



**रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी का आज जन्मदिन है। उन्हें बधाई देने एक दिव्यांग बालिका उनके निवास पहुंची।**

# कांग्रेस में अब सिर फुटव्वल जैसी स्थिति : नितिन नबीन

## मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे प्रदेश प्रभारी का एयरपोर्ट पर स्वागत



**रायपुर, 28 नवम्बर।** बिहार चुनाव में जीत के बाद भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शुक्रवार सुबह राजधानी रायपुर पहुंचे. विमानतल पर उनके स्वागत के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री केदार कश्यप के साथ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे. मीडिया से चर्चा के दौरान नितिन नबीन ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ भाषा दिवस है, छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई देता हूं. बिहार की जीत के लिए छत्तीसगढ़वासियों का धन्यवाद. बीजेपी के सभी कार्यकर्ता, जिन्होंने बिहार चुनाव में योगदान दिया उनका भी अभिनंदन है. इस जीत का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को जाता है. डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि छत्तीसगढ़ इतनी बड़ी बैठक को होस्ट कर रहा है. यह सब दिखाता है कि पूर्व पीएम अटल वाजपेयी ने जो छत्तीसगढ़ के निर्माण में काम किया और उसके विकास के लिए अब पीएम मोदी काम कर रहे हैं. हमने पहले ही कहा था कि हमने ही बनाया है हम ही संवारेंगे. तो हम संवारने का काम हम कर रहे हैं.

छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से जिला अध्यक्षों की सूची को लेकर सवाल किया गया. उन्होंने कहा किबैठक कर आगे की रणनीति तैयार करेंगे. छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री और पीएम मोदी का जो संकल्प है, उस पर काम चल रहा है. छत्तीसगढ़ सरकार का भी वही संकल्प है. छत्तीसगढ़ के स्वभाव के अनूकूल ही प्रदेश विकसित हो यही उद्देश्य है. कांग्रेस पार्टी में विवाद की स्थिति के सवाल पर नितिन नबीन बोले कि जिस पार्टी का नेतृत्व ठीक ना हो और जो पार्टी नेतृत्व विहीन हो, उस पार्टी में सिर फुटव्वल जैसी स्थिति बनती ही है. कर्नाटक में राहुल गांधी के कारण ही तो मुख्यमंत्री को बौना दिखाने में लगे हुए हैं. इस तरीके का खेल छत्तीसगढ़ में भी चलता है. यहां भी एक दो लोग है.

PICTURE-स्टोरी




**रायपुर, 28 नवम्बर। भारत-दक्षिण अफ्रीका का एक दिवसीय क्रिकेट मैच रायपुर में 3 दिसम्बर को है। टीम इंडिया की जर्सी राजधानी में जमकर कि रही है।**

## संस्कृत विद्यामंडल के अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मिलेगा द्वितीय अवसर



**रायपुर, 28 नवम्बर।** छग संस्कृत विद्यामण्डलम की साधारण सभा की बैठक स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी संचालक रघुराज रघुवंशी, प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा संजीव झा, सचिव विजय खंडेलवाल, सहायक संचालक अमित कुमार शुक्ला, डॉ. गरिमा ताम्राकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आए 23 छात्र-छात्रओं का सम्मान किया गया। बैठक में संस्कृत विद्यामंडलम की वे साइट एनआईसी के माध्यम से तैयार करने एएमसी के लिए नौ लाख रुपए स्वीकृत करने, विद्यामंडलम के नवीन भवन निर्माण की अनुमति, पाठ्यक्रम की एनईपीके अनुरूप बनाने संस्कृत विद्वानों के एससीईआरटी की समिति बनाने, नवमीं से बारहवीं तक उन विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण हो जाते हैं उन्हें द्वितीय अवसर प्रदान करने अध्ययन-अध्यापन हेतु लकड़ी पाटा उपलब्ध कराने केंद्रीयकृत परीक्षा कराने तथा विद्यालयों को वित्तीय सहायता राशि में वृद्धि करने के एजेंडे पर चर्चा की। मंत्री ने इन विषयों पर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## भाजपाइयों ने काले धन को जमीन में लगा कर वैल्यू बढ़ाने गाइड लाइन की दर बढ़ा दी : कांग्रेस

**रायपुर, 28 नवम्बर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों ने तथा सरकार में बैठे सत्ताधीशों ने पिछले दो सालों की भ्रष्टाचार की काली कमाई के पैसे को जमीनों की खरीदी में लगा दिया तथा काले धन की कमाई की सरकारी वैल्यू बढ़ाने गाइड लाइन की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दिया ताकि काली कमाई के कच्चे के पैसे से खरीदी गई जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ने के बाद मंहगी कीमत में बिक्री हो और उस पर प्रॉपर्टी गेन टेक्स पटा कर भ्रष्टाचार के पैसे को नम्बर एक करवा लिया जाय।जमीन की गाइड लाइन की दर बढ़ाने के पीछे अपनी काली कमाई को सफेद करने का खेल हुआ है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सत्ता में बैठे किस नेता ने दामा खेड़ा के आगे बेमेतरा जिले 300 एकड़ जमीन लिया है, किसने नवा रायपुर के आगे गांव में 275 एकड़ जमीन खरीदा है यह प्रदेश का बच्चा जानता है। इस पूरी खरीदी की जांच हो जाय तो जमीनों के गाइड लाइन दर बढ़ने की हकीकत सामने आ जाएगी। पहली बार जमीनों की गाइड लाइन की दर को बिना मार्केट वैल्यू से मिलान किए बेतहाशा बढ़ाया गया है। सरकार में बैठे अधिकारी भी सरकार के इस निर्णय को गलत बता रहे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री शुरू कर तथा गाईडलाईन की दर में 30 प्रतिशत छूट कर प्रदेश में रियल स्टेट सेक्टर में प्राण फूंका था, यही कारण था कि कोरोना के समय भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। वर्तमान सरकार के निर्णय से बेरोजगारी बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था तबाह होगी, रियल स्टेट में गिरावट आयेगी। सरकार का आर्थिक प्रबंधन फेल हो गया है। सरकार के पास अपनी योजनाओं को चलाने के लिए पैसा नहीं है इसीलिए सरकार विभिन्न मदों में टैक्स बढ़ा कर जनता पर बोझ थोप रही है। इसीलिए जमीन के गाईड लाईन के रेट बढ़ाये गये तथा बिजली के दाम बढ़ाये गये। बिजली बिल में 400 यूनिट छूट को समाप्त किया गया। अब जमीनों की रजिस्ट्री महंगी की जा रही है।

## गाइडलाइन दरों पर वित्त मंत्री को सुझाव

**रायपुर, 28 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी से सौहार्दपूर्ण भेंट कर प्रदेश में लागू नई गाइडलाइन दरों और अचल संपत्तियों के पंजीयन शुल्क से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत सुझाव प्रस्तुत किए। यह मुलाकात सकारात्मक माहौल में हुई, जहाँ सरकार और व्यापारिक समुदाय दोनों के साझा लक्ष्यों नागरिकों की सुविधा, संतुलित विकास और पारदर्शी व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री जी को अवगत कराया कि नई गाइडलाइन दरों का प्रभाव भूमि व भवनों के विभिन्न वर्गों पर किस प्रकार पड़ रहा है तथा पंजीयन शुल्क को और अधिक सरल, संतुलित एवं व्यावहारिक रूप देने के लिए किन सुधारों पर विचार किया जा सकता है। चेम्बर ने सुझाव दिया कि संपत्तियों के मूल्यांकन और शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जिससे आवास खरीदने वालों, उद्यमियों, व्यापारिक संस्थानों और रियल एस्टेट से जुड़े सभी वर्गों को सुविधा हो एवं प्रदेश में निवेश और व्यापारिक गतिविधियाँ और अधिक सुगम हो सकें। चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में राजस्व सुधार, व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और आधुनिक प्रक्रियाओं को अपनाने हेतु किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। इन्हीं प्रयासों को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कुछ तकनीकी सुझाव साझा किए गए, जिनमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मूल्यांकन के व्यावहारिक पहलू, बहुमंजिला परियोजनाओं की शुल्क प्रणाली, और नवा रायपुर सहित अन्य क्षेत्रों में श्रेणी निर्धारण की प्रक्रियाओं को और स्पष्ट बनाने जैसी बातें शामिल थीं।

## प्रभारी कुलसचिव को हटाये जाने का स्वागत

**रायपुर, 28 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव शिरीष त्रिवेदी एवं रविशंकर शुक्ल वि वि कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ तकनीकी विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रभारी प्राध्यापक कुलसचिव अंकित अरोड़ा को विगत दिनों तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उन्हे उनके मूल विभाग अम्बिकापुर के इंजीनियरिंग कालेज भेजने के निर्णय का तहे दिल से स्वागत करते हुए शासन को धन्यवाद देने के साथ ही शासन से अपेक्षा/उम्मीद करते हैं कि भविष्य में प्रदेश के किसी भी वि वि में प्राध्यापक वर्ग से प्रभारी कुलसचिव नहीं बनाया जायेगा। यदि किसी वि वि में कुलसचिव बनाना आवश्यक ही हो तो प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पदस्थ उप कुलसचिव संवर्ग में से ही किसी भी योग्य को कुलसचिव बनाया जाय। प्रदीप मिश्र एवम शिरीष त्रिवेदी द्वय ने शासन के जिम्मेदार अधिकारियों और रविशंकर शुक्ल वि वि के कुलपति और कुलसचिव से निवेदन/मांग करते हुए बताया है कि विगत लगभग तीन वर्षों से उच्च शिक्षा विभाग/विवि के द्वारा डीपीसी नहीं कराये जाने से पात्र कर्मचारियों में हताशा ब्याप्त है। इसलिए शासन से उन्होंने मांग किया है कि नूतन बर्ष 2026 के पूर्व ही डी पी सी की बैठक आहूत करते हुए शीघ्र ही पदोन्ति आदेश जारी करते हुए प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में रिक्त पड़े पदों पर पद स्थापना करें ताकि योग्य अधिकारियों के अनुभवों का लाभ प्रदेश के विश्वविद्यालयों को मिलेगा।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा को विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने दिखाई हरी झंडी




**रायपुर, 28 नवम्बर।** संस्कारधानी राजनांदगांव में आज एक भव्य एवं ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह ने सैकड़ों व्यापारिक संगठनों की उपस्थिति में स्वदेशी संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैट और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह यात्रा आगामी 27 नवम्बर 2025 से 21 दिसम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश में भ्रमण कर जन-जागरण का एक विराट अभियान बनकर उभरेगी।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी तथा स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि यात्रा को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है और प्रत्येक जिला इकाई में इसका अभूतपूर्व एवं भव्य स्वागत आयोजित किया जाएगा।

**स्वदेशी संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प :** पारवानी एवं पटेल ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी के पुनर्जागरण' के आह्वान को प्रदेश के प्रत्येक शहर, कस्बे और बाजार तक पहुँचाने का माध्यम है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव यह संदेश दिया है कि -जब देशवासी लोकल के लिए वोकल होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बन सकेगा। छोटे व्यापारी, कारीगर और उद्यमी ही भारत की वास्तविक शक्ति हैं। इन्हीं विचारों से प्रेरित होकर कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच ने, अन्य प्रमुख संगठनों के सहयोग से, स्वदेशी संकल्प यात्रा को एक मजबूत और व्यापक जन-आंदोलन में परिवर्तित करने का संकल्प लिया है।

## विधायक सोनी ने एसआईआर कार्यों का किया अवलोकन

**रायपुर, 28 नवम्बर।** विधायक सुनील सोनी ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर कार्यों का अवलोकन किया तथा सभी से मुलाकात कर संवाद किया।

उन्होंने कहा कि मेरा आप सभी मतदाता साथियों से आग्रह है कि इस अभियान से जुड़कर अपना फॉर्म अवश्य भरें, यदि इस कार्य में कोई समस्या हो आप क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ता साथियों से संपर्क कर सहायता ले सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से सहायता ले सकते हैं, मुझसे भी संपर्क कर सकते हैं।




## नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में बढ़ रहा प्रदेश : केदार

**रायपुर, 28 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज से शुरू होने वाले डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जा रहा है. पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह लगातार छत्तीसगढ़ को अपनी प्राथमिकता में रख रहे हैं. छत्तीसगढ़ अपना रजत जयंती वर्ष भी मना रहा है. कई साल से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद का दंश झेल रहा है. अब हम नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. इस परिपेक्ष्य यह कॉन्फ्रेंस इस बात को मजबूती दे रही है।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब छोटे राज्यो में नही रह गया है. छत्तीसगढ़ अब विकसित राज्य है. देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री 3 दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर है. इससे छत्तीसगढ़ ने साबित किया है कि अब हर दृष्टि से हमने अपने आपको तैयार कर लिया है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने बयान दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास में कोई विषय नही है. मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद पर काम किया है. नक्सलियों को न्यूट्रिलाइज करवाया है. कई क्षेत्रों को नक्सल मुक्त करने के निर्देश दिए गए है, जिसकी वजह से जवानों का हौसला बढ़ा है. अब जवान उन क्षेत्रों में जाकर कार्रवाई कर रहे है. यह बताता है कि हमारा शीर्ष नेतृत्व का बड़ा योगदान है. कांग्रेस नेताओं में विवाद और कर्नाटक के सियासी हालातों पर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता अपने ही नेताओ को डोमिनेट करते हैं फिर चाहे कर्नाटक की बात हो या छत्तीसगढ़ की. इससे पता चलता है कि कांग्रेस में किस तरह से गुटबाजी हो रही है. अब यह गुटबाजी चरम पर है. अब आगे आगे देखिए क्या या होता है।



## गणना पत्रक वितरण कार्य की महापौर ने की समीक्षा

**रायपुर, 28 नवम्बर।** महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रगतिरत एसआईआर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र सुन्दर नगर, रायपुरा, डीडी नगर, सरोना आदि विभिन्न स्थानों में किया। श्रीमती चौबे ने जोन कमिश्नरों, अधिकारियों, बीएलओ से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली और ड्यूटी पर लगाए गए जोन कार्यालय में मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों की कंप्यूटर पर डाटा एंट्री करवा रहे बीएलओ से चर्चा की। एसआईआर कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्रुटिरहित तरीके से पूर्ण करवाने कहा।



महापौर ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र के रहवासी सभी मतदाता नागरिकों से जागरूकता का परिचय देते हुए गणना पत्रक को तत्काल भरकर सम्बंधित बीएलओ को देकर लोकतंत्र मजबूत बनाने में सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील पुनः की।

महापौर मीनल चौबे ने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण के अभियान की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और सभी मतदाताओं से गणना पत्रक में सही और स्पष्ट जानकारी देकर बीएलओ को सहयोग कर लोकतान्त्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने सहभागी बनने की एक बार पुनः विनम्र अपील की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26